+ CMYK +

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

● वर्ष- 17 अंक 86- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

**जबलपुर में आज का मौसम**

शुक्रवार सुबह का तापमान

25.4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29 डिसे

आज भी मौसम में शाम तक बदलाव के संकेत

## जिया खान आत्महत्या केस में फैसला आज

**मंबई, ईएमएस।** अभिनेत्री जिया खान आत्महत्या मामले में मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत शुक्रवार को फैसला सुना सकती है। अभिनेता सूरज पंचोली पर जिया को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। जिया खान ने अपने जुहू स्थित घर में आत्महत्या कर ली थी। CBI ने दावा किया कि आत्महत्या से पहले जिया खान ने सुसाइट नोट में सूरज पर शारीरिक शोषण, मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के आरोप लगाए।

### » न्यूज गैलरी



## पीएम ने किया 18 राज्यों में 91 एफएम ट्रांसमीटर्स का उद्घाटन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 91 स्नरू ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। इससे 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों को फायदा मिलेगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में एफएम रेडियो संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से दो दिन पूर्व रेडियो सेवाओं का यह विस्तार किया गया।इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज ऑल इंडिया रेडियो की स्नरूसेवा का ये विस्तार ऑल इंडिया स्नरूबनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया रेडियो के 91 FM ट्रांसमिशन की ये शुरूआत देश के 85 जिलों के 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार की तरह है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन बाद ही मैं रेडियो पर मन की बात का 100वां एपिसोड करने जा रहा हूं।

## मणीपुर में हिंसा इंटरनेट भी बंद

■ चुराचांदपुर, एजेंसी।

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दौरे से एक दिन पहले भीड़ ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ की और आग लगा दी थी। पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात करीब नौ बजे अनियंत्रित भीड़ ने इस घटना को अंजाम दिया गया। जिले में इंटरनेट पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस ने बताया था कि स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया था।

### बंगाल के 5 जिलों में टूटा कुदरत का कहर!

# आकाशीय बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत

■ कोलकाता, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. गुरुवार शाम कोलकाता, हावड़ा, उत्तर 24 परगना, पुरबा बर्धमान और मुर्शिदाबाद समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में बिजली गिरने के साथ आंधी आई. पश्चिम बंगाल आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बिजली गिरने से ईस्ट बर्धमान जिले में 4 और मुर्शिदाबाद तथा उत्तर 24 परगना में 2-2 लोगों की मौत हो गई. पश्चिम बंगाल के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम मिदनापुर और हावड़ा ग्रामीण जिलों से 6 और लोगों की मौत की सूचना मिली है. एक अधिकारी ने कहा, 'पश्चिम मिदनापुर और हावड़ा ग्रामीण से तीन-तीन लोगों की मौत की खबर है.' अधिकारियों के अनुसार, पीड़ति ज्यादातर किसान थे जो कृषि क्षेत्रों में काम करते समय आकाशीय बिजली की



चपेट में आ गए. क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी ने कहा कि अलीपुर में सबसे अधिक 79 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार वर्तमान में पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में हवा के ऊपरी भाग में एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रवात के रूप में बना हुआ है. पश्चिमी विदर्भ से लेकर कर्नाटक तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है।

### नेपाल में आधी रात कांपी धरती, 90 मिनट के अंदर 2 बार आया भूकंप

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात भूकंप के दो झटके महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र बाजुरा के दाहाकोट में था. रिक्टर स्केल पर पहले भूकंप की तीव्रता 4.9 और दूसरे की 5.9 मापी गई. नेपाल के सुरखेत जिले के भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी राजेश शर्मा ने एएनआई को बताया कि पहला भूकंप रात 11.58 बजे (स्थानीय समय) पर आया, जबकि 1ः30 बजे एक और भूकंप दर्ज किया गया. स्थानीय पुलिस ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं है। इस साल 24 जनवरी को भी नेपाल के गोत्री-बजुरा इलाके में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था. तब इसके कारण उत्तराखंड और दिल्ली-हृष्टक्रके साथ-साथ उत्तर-भारत के कुछ अन्य राज्यों में भी कंपन महसूस किया गया था. कांप गया।

### मप्र के बीजेपी नेताओं पर 10 करोड़ की मानहानि का मामला

# कल से झूठ और सच के ट्रायल की शुरुआत

### सांसद विवेक तन्खा बोले-सत्य की लड़ाई लड़ेंगे

■ जबलपुर, यशभारत।

करीब दो साल पहले ओबीसी आरक्षण पर कोर्ट के फैसले के बाद की गई टिप्पणी को लेकर मध्य प्रदेश के बीजेपी नेताओं पर 10 करोड़ की मानहानि की गई थी। जिस पर 29 अप्रैल से कोर्ट की कार्रवाई शुरू होने जा रही हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की ओर से मामले की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील कपिल सिब्बल करेंगे। श्री तन्खा ने 29 अप्रैल को जबलपुर मजिस्ट्रेट कोर्ट में होने जा रहे बयान के संबंध में सोशल मीडिया पर ट्वीट किया है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को झूठ और सच्च के ट्रायल की शुरुआत होगी, उनका कहना है कि भाजपा नेताओं ने झूठे बयान बाजी कर मेरे खिलाफ प्रदेश में आपत्तिजनक माहौल निर्मित किया है, जो पूरी तरह से कोर्ट रिकॉर्ड एवं कार्यवाही के विपरित था।जानकारी के अनुसार करीब



एक साल पहले सांसद विवेक तन्खा ने ओबीसी आरक्षण मामले में आरोप लगाने पर सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेशअध्यक्ष वीडी शर्मा और नगरीय आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह को 10 करोड़ रुपए का मानहानि का नोटिस भेजा था, इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करते हुए लिखा था कि मैंने अधिवक्ता शशांक शेखर के द्वारा 10 करोड़ का मानहानि का नोटिस शिवराज सिंह, विष्णुदत्त शर्मा और भूपेंद्र सिंह को भेजा है। यदि वे 3 दिन में स्थिति स्पष्ट नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस मामले में अब जबलपुर मजिस्ट्रेट कोर्ट में सांसद विवेक तन्खा के बयान होने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि ओबीसी के वकील को ही ओबीसी का विरोधी बना दिया है, हम सब सत्य की लड़ाई में हैं, इस दिन कपिल सिब्बल मेरे वकील होंगे।

### अप्रैल में दिसंबर जैसा मौसम

# केदारनाथ, यमुनोत्री से लेह-हिमाचल तक...खूब बर्फबारी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत को यूं ही विविधताओं से भरा देश नहीं कहते. अब मौसम का ही उदाहरण ले लें. उत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत के अधिकतर राज्यों में जहां भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है, वहीं पूर्वोत्तर और तटीय राज्यों में बारिश का दौर जारी है. जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बर्फबारी हो रही है. कुल्लू-मनाली और लाहौल स्पीती में अभी तापमान शून्य से नीचे चला गया है. रोहतांग के अटल टनल के पास भी बर्फबारी हो रही है. मनाली शहर सहित आस-पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है.



मनाली का तापमान गुरुवार को अधिकतम 6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. लाहौल स्पीती के केलांग का अधिकतम तापमान -1 डिग्री और न्यूनतम तापमान -7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इधर उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मौसम ने करवट ली है. चारधाम यात्रा शुरू है, इस बीच बर्फबारी होने लगी है. गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ में बर्फ गिरी है. इस कारण तापमान में भारी गिरावट हुई है।

## राहुल गांधी को धमकी देने वाला आरोपित उज्जैन से रासुका में गिरफ्तार

इंदौर ईएमएस। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित दया सिंह उर्फ प्यारे सिंह उर्फ एशिलाल झाम निवासी पंजाबी मोहल्ला, राजेंद्रनगर, बैतूल को क्राइम ब्रांच की पुलिस ने दोबारा गिरफ्तार किया है। उसे बुधवार को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। आरोपित की गिरफ्तारी रासुका के तहत की गई थी। रासुका के तहत वारंट जारी होने के बाद से वह फरार चल रहा था। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक पिछले वर्ष नवंबर में आरोपित ने एक मिठाई की दुकान पर पत्र लिखकर राहुल गांधी को जान से मारने और इंदौर में बम धमाके करने की चेतावनी दी थी। पुलिस ने उस समय दया सिंह को पकड़ा, लेकिन वह जमानत पर छूट गया था। बाद में कलेक्टर ने आरोपित के खिलाफ रासुका का वारंट निकाला, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा था। जूनी (इंदौर) थाने की पुलिस वारंट को तामिल नहीं करवा पाई

### कांग्रेस का कर्नाटक में महिलाओं को मुफ्त सफर का वादा

# राहुल बोले- मछुआरों के लिए 10 लाख का बीमा होगा, डीजल पर मिलेगी सब्सिडी

■ मेंगलुरु/उडुपी, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कर्नाटक के मेंगलुरु में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में सफर मुफ्त करने का वादा किया है। इससे पहले उन्होंने उडुपी जिले में कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने पर मछुआरों का 10 लाख रुपए का बीमा कराया जाएगा। साथ ही मछुआरिनों को 1 लाख रुपए का ब्याज मुक्त कर्ज मिलेगा। हर दिन 500 लीटर तक डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर सब्सिडी दी जाएगी। सरकारी बसों में महिलाओं का सफर मुफ्त करना कांग्रेस का पांचवा बड़ा वादा है। इससे पहले पार्टी हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने,



महिलाओं को 2000 रुपए हर महीने देने, कर्नाटक के हर ग्रेजुएट को 2 साल तक 3 हजार रुपए युवा निधि देने और डिप्लोमा होल्डर को 15 सौ रुपए देने का वादा कर चुकी है। पार्टी ने कहा है कि सरकार बनते ही पहली मीटिंग में इन वादों को पूरा किया जाएगा।उडुपी में राहुल के कार्यक्रम में एक महिला मछली लेकर आई। राहुल ने मछली हाथ में लेकर फोटो खिंचवाया, उसके बाद महिला से भी मिले।

**राहुल बोले- भाजपा ने विधायक चोरी कर बनाई सरकार**

राहुल गांधी ने उडुपी में कहा- कर्नाटक में भाजपा की वो सरकार है, जिसे आपने नहीं चुना था। भाजपा ने लोकतंत्र को नष्ट करके और विधायक चोरी करके ये सरकार बनाई है। पूरा कर्नाटक इस सच्चाई को जानता है। कांग्रेस जहां भी सरकार बनाती है, वहां कोशिश करती है कि गरीब और कमजोर की मदद की जाए।

# राजनाथ ने चीन के रक्षा मंत्री से नहीं मिलाया हाथ

### दिल्ली में भारत ने साफ ठुकरा दिया ड्रैगन का नया प्रस्ताव

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत और चीन के रिश्ते फिलहाल ठीक नहीं है। गुरुवार शाम को चीन के रक्षा मंत्री जब दिल्ली में राजनाथ सिंह से मिलने आए तो उन्हें बातों ही नहीं, इशारों में भी सख्त संदेश मिला। जी हां, राजनाथ ने अपने चीनी समकक्ष ली शांगफू से हाथ ही नहीं मिलाया। भारत के रक्षा मंत्री का हाथ न मिलाना कोई साधारण घटना नहीं है क्योंकि जब भी राजनाथ सिंह अपने किसी विदेशी समकक्ष से मिलते हैं तो हाथ जरूर मिलाते हैं। उन्होंने ईरान, कजाकिस्तान, ताजकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ गुरुवार को हाथ मिलाया। बताया गया है कि चीन ने द्विपक्षीय बैठक शुरू



होने से पहले दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को फिर से शुरू करने का एक नया प्रस्ताव रखा। लेकिन चीन के इस प्रस्ताव को यह कहकर ठुकरा दिया गया कि ऐसा तभी संभव होगा जब बॉर्डर के हालात शांतिपूर्ण होंगे।दरअसल, भारत चाहता है कि बॉर्डर से चीनी सैनिक पीछे हटें। अभी पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में दोनों तरफ से 50 हजार सैनिकों की तैनाती की गई है। चीन ने बॉर्डर पर भारी हथियार तैनात कर रखे हैं। गलवान झड़प के बाद पहली बार भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुरुवार को अपने चीनी समकक्ष जनरल ली शांगफू से बातचीत की है।

**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**

## पहलवानों की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर धरना दे रही महिला पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करने वाला है. सुप्रीम कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की मांग कर रहीं सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया था. सुप्रीम कोर्ट पहलवानों के आरोपों को 'गंभीर' बताते हुए कहा था कि इस पर विचार करने की जरूरत है. इस मामले पर दिल्ली पुलिस ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर FIR दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है।

### कई तरह का खतरा रहेगा आसपास

## किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार आज दोपहर पटना आ रहे राजद अध्यक्ष


■ पटना, एजेंसी।

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव शुक्रवार दोपहर में बिहार वापस आ रहे हैं। कई तरह की परेशानियों के बीच किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बिहार से निकलते समय लालू आशंकाओं से घिरे थे। किस्मत ने साथ दिया और बेटी रोहिणी आचार्या की किडनी ने लालू को जीवनदान दिया। नया जीवन



मिलने के बाद लालू जब सिंगापुर से निकल रहे थे तो बेटी रोहिणी ने लिखा था- बेटी के तप को ना जाने देना व्यर्थ कभी, मेरे पापा की सेहत का ध्यान रखाना आप लोग सभी। यह लाइनें 11 फरवरी को लिखी गई थीं, लेकिन आज भी प्रासंगिक हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद तकरीबन छह महीने तक कई तरह का खतरा रहता है और उसपर इस समय कोरोना की रफ्तार बढ़ी हुई है।

**दिलों में जगमगाते रहेंगे यादों के दिये**



मानवता की प्रतिमूर्ति, प्रकृति प्रेमी, पूर्व कैबिनेट मंत्री

**सत्येन्द्र पाठक जी**

की पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन

आपके आदर्श हमारे लिये सदैव प्रेरणादायी रहेंगे

यश भारत

परिवार, मित्र एवं समस्त स्नेहीजन

### बड़े भाई का 5 लाख का बीमा कराया और मार डाला

# जंगल में ले जाकर मारी गोली, तौलिए से गला घोंटा, दोस्त के साथ रची साजिश

■ दमोह, एजेंसी।

**दमोह जिले बटियागढ़ थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड उजागर हुआ है जिसमें एक युवक ने अपने बड़े भाई और भाभी का 6 से 7 महीने पहले 5 लाख का बीमा कराया। फिर 22 अप्रैल की रात भाई को जंगल में ले जाकर उसे गोली मार दी। फिर तौलिये से गला भी घोंटा। इस साजिश में आरोपी के दोस्त ने उसका साथ दिया। 24 अप्रैल को जंगल में डेड बॉडी मिली। हत्याकांड का गुरूवार को एसपी राकेश कुमार सिंह ने पर्दाफाश कर दिया।**



पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद दोनों आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। मामला दमोह जिले बटियागढ़ थाना क्षेत्र के आगरा गांव का है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका भाई शराबखोरी करता था। इससे वह काफी कर्जे में डूब गया था। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए उसने कुछ महीने पहले ही हत्या की साजिश रची थी। पूछताछ में आरोपित भाई ने बताया कि उसका बड़ा भाई शराबखोरी करता था। जिससे वह काफी कर्ज में डूब गया था। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए उसने 9 महीने पहले योजना बनाई और अपने भाई-भाभी का 5 लाख का बीमा कराया और 22 अप्रैल की रात शराब पिलाकर जंगल में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस को उलझाने के लिए भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी बटियागढ़ थाने में दर्ज कराई थी।23 अप्रैल को छोटे बेटे के कहने पर मृतक की मां ने पुलिस थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई। 24 अप्रैल की सुबह बटियागढ़ थाना क्षेत्र के बड़ी चिराई के जंगल में सुरेंद्र पिता मुकुंद लोधी 35 वर्ष का शव मिला। उसके शरीर में गोली का घाव था जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस को मृतक के छोटे भाई वीरेंद्र सिंह पर संदेह हुआ। जब उसे बुलाकर पूछताछ की तो उसने पूरा घटनाक्रम स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपित छोटे भाई वीरेंद्र सिंह के अलावा उसके दोस्त भान सिंह निवासी धोराज को भी गिरफ्तार किया है।

### रुपयों के विवाद में भतीजे ने चढ़ाई बोलेरो, चाचा और चचेरे भाई की मौत

सिंगरौली यशभारत। सिंगरौली जिले में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। जिले के बैढ़न थाना अंतर्गत कचनी गांव में गुरुवार को रुपयों के लेनदेन के विवाद में भतीजे ने अपने चाचा व चचेरे भाई पर बोलेरो चढ़ा दी, जिससे दोनों की मौत हो गई। आरोपित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिए हैं।पुलिस ने बताया कि जबलपुर निवासी अश्वनी केसरी (50) और उनका बेटा सचिन केसरी (20) प्रापर्टी व रुपये के विवाद में बातचीत करने के लिए अपने गृहग्राम कचनी आए थे। गुरुवार की शाम पिता और पुत्र सड़क पर पैदल जा रहे थे।इसी दौरान भतीजा अजय गुप्ता (30) ने दोनों पर तेज रफ्तार बोलेरो चढ़ा दी जिससे अश्वनी केसरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बेटे सचिन को घायल अवस्था में जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। इस विवाद के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन।

## स्टेमफील्ड स्कूल विजयनगर में इन्वेस्टिचर सेरेमनी

# छात्र परिषद ने ली अनुशासन और सत्य निष्ठा की शपथ





**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं छात्र गायन समूह के द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर के नवनिर्वाचित छात्र परिषद को सत्र 2023-24 के लिए स्कूल की शैक्षणिक , सांस्कृतिक, खेल आदि गतिविधियों के अनुशासित और सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभिन्न पद देकर जिम्मेदारियां सौंपी गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ,,, श्री तुषार सिंह ,सीएसपी गढ़ा उपस्थित थे। नवनिर्वाचित छात्र परिषद को स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर की प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली जी के द्वारा छात्रों को उनके निर्धारित कर्तव्यों को सत्य निष्ठा के साथ पालन करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में जिन छात्रों को परिषद का सदस्य बनाया गया उनमें शामिल थे स्कूल कैप्टन- साम्या जैन , वाइस कैप्टन- प्रवर जैन, स्पोर्ट्स कैप्टन- अर्श केसवानी, फाइनेंस मिनिस्टर- अन्वी अग्रवाल, डिसिप्लिन इंचार्ज-अदिति पटेल, कल्चरल मिनिस्टर- पलक विश्वकर्मा, एजुकेशन मिनिस्टर-जानवी गुप्ता, हेल्थ एंड हाइजीन मिनिस्टर- अविरल जैन, आईटी मिनिस्टर- संस्कार अग्रहरि ,स्कूल बैंड कैप्टन- कृष्णा रजक । इसके अतिरिक्त स्कूल के पांचों हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन का चुनाव भी किया गया। समारोह में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्रों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया, एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के संचालक श्री पर्व जायसवाल जी की सराहना करते हुए कहा कि इस सर्व सुविधा संपन्न विद्यालय के निर्माण के लिए श्री जायसवाल जी बधाई के पात्र हैं। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्टेमफील्ड की डायरेक्टर श्री मती सुप्रिया जायसवाल जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की । स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की चेयर पर्सन श्रीमती मधु जायसवाल जी एवं संचालक श्री पर्व जायसवाल जी ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद को उनके आने वाले कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## सायंकालीन जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आज सीवर परियोजनांतर्गत तेवर में 29 एम.एल.डी. क्षमता के एस.टी.पी. के विद्युतीकरण कार्य के साथ-साथ रमनगरा वॉटर फिल्टर प्लांट में भी विद्युत उपकरणों के मरम्मत का कार्य किया जाना है। उक्त परिस्थिति को देखते हुए रमनगरा जलशोधन संयंत्र की विद्युत सप्लाई दोपहर तक बंद रहेगी। इस कारण रमनगरा प्लांट से होने वाली जलप्रदाय सांयकालीन आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी वहां टेंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति कराई जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , जल प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमति एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।

## विकास कार्यों को पूर्ण कराने कल करीब चार घंटे विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आई.टी. पार्क रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 33 केव्ही जे6, जे7, आई.टी. पार्क एवं 33 केव्ही बरगी हिल्स सबस्टेशन फीडर का शटडाउन दिनांक 29 अप्रैल 2023 शनिवार को सुबह 7:00 बजे से दोपहर 11:00 बजे तक. लगभग 04 घंटे के लिए जाने की आवश्यकता है। जिसके अंतर्गत ज्ञान गंगा कॉलेज, सोन इलीजा होटल एवं भी?की सब स्टेशन की विद्युत सप्लाई एवं दोनों ही 33 केव्ही फीडर से संबंधित सभी एच.टी. कनेक्शन की विद्युत सप्लाई लगभग 04 घंटे के लिए बंद रहेगी। उक्त आई.टी. पार्क रोड निर्माण कार्य में विद्युत सप्लाई में की गई कटौती के लिए लिए जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सी.ई.ओ. प्रताप चंद्र सिंह गोहल द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

# तीन साल साल से तन रही डीएफओ की इमारत

## 50 लाख का काम और अधिकारियों को फिक्र नहीं

**जबलपुर, यशभारत।** डीएफओ बिल्डिंग के निर्माण में मनमर्जी चल रही है। पिछले तीन साल से इसका निर्माण कार्य चल रहा है। अभी भी कार्य पूरा नहीं हुआ। निर्माण में देरी क्यों हो रही है। अधिकारी इसे बताने के लिये तैयार नहीं है। केवल इतना ही कह रहे हैं कि भवन निर्माण जल्द हो जायेगा। वहीं यहां काम कर रहे वर्करों का कहना था कि जिस ढंग से इसका निर्माण कराया जा रहा है। इससे बिल्डिंग बनने में और कई साल लग जाएंगे।



### सिर्फ लेंटर ही डल पाया

भवन निर्माण कार्य पिछले तीन साल से चल रहा है। बताया जाता है कि भवन में पिछले माह ही लेंटर कार्य हुआ है। तब से कार्य बंद है। लेंटर खुलने के बाद छपाई कार्य करना बताया जा रहा है। यहां काम करने वाले खुद कहते हैं कि इसका निर्माण इस साल भी पूरा नहीं होगा।

### बरती जा रही लापरवाही

भवन निर्माण में लगे अधिकारियों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। सरकारी खर्चे पर बन रहे भवन निर्माण में तेजी लाने के कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। बताया जाता है कि भवन निर्माण में जितनी देरी होगी। भवन उतना ही कमजोर बनेगा या भवन के निर्माण की लागत बढ़ेगी।

## जबलपुर-कोयंबटूर-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का तिरूर स्टेशन पर ठहराव

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का तिरूर स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह ठहराव 28 अप्रैल 2023 से प्रभावशील रहेगा। इस ठहराव से पमरे के जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा के यात्रियों को भी सुविधा मिलने लगेगी।



जबलपुर से प्रस्थान कर तीसरे दिन रविवार को तिरूर स्टेशन पर आगमन समय 10.18 बजे एवं प्रस्थान 10.20 बजे और इसी प्रकार कोयंबटूर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 01 मई को प्रारम्भिक स्टेशन कोयंबटूर से प्रस्थान कर उसी दिन सोमवार को तिरूर स्टेशन पर आगमन समय 20.18 बजे एवं प्रस्थान 20.20 बजे रहेगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोरोना के संभावित नए वेरिएंट को देखते हुए कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। ट्रेन के ठहराव की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं।



## राहगीरों की प्यास बुझाने मटके , पक्षियों के लिए दाना-पानी हेतु सकोरे रख

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा द्वारा प्रांतीय प्रोजेक्ट आंसू से मुस्कान केंद्रीय प्रोजेक्ट कर्म का स्वरूप अवसर के अनुरूप के तहत भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने मटके एवं पक्षियों के लिए दाना पानी हेतु सकोरे रखे गये । इस कार्य में केंद्रीय एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती मणि का हमें विशेष सहयोग प्रदान हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विमला जैन , प्रांतीय सचिव श्रीमती निशा चौधरी ,प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती साधना बड़कुल ,संभाग अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मैक्स,शाखा अध्यक्ष स्वाति, श्रीमती कल्पना जीवीएच,श्रीमती शशि प्रभा ,शाखा सचिव श्रीमती अंजू , सुशीला नेता ,शाखा कोषाध्यक्ष श्रीमती तनु राग ने अपनी उपस्थिति दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## म प्र के ज्वेलर्स को जल्द मिलेगी धारा 411 412 में रिलैक्सेशन



**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिनों हरदा में म प्र सराफा एसोसिएशन संघर्ष समिति का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ था इस अधिवेशन में महाराष्ट्र गुजरात की तरह म प्र के ज्वेलर्स को भी धारा 411 412 में रिलैक्सेशन का प्रस्ताव पारित हुआ था और म प्र के कैबिनेट मंत्री श्री कमल पटेल ने सभी ज्वेलर्स को अस्वस्थ किया था जल्द से जल्द गृहमंत्री से मिलाकर धारा 411 412 में आपको महाराष्ट्र और गुजरात की तरह रिलैक्सेशन की बात की जाएगी इसके साथ ही उदारता पूर्वक म प्र के ज्वेलर्स को बंदूक लाइसेंस देने का प्रस्ताव पास हुआ था इन्हीं मांगों को लेकर आज प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ, महासचिव देवीलाल सोनी प्रदेश संगठन मंत्री जौहरी कमल सोनी सुधीर सोनी व पूर्व विधायक श्री बद्री लाल सोनी के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री कमल पटेल जी व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जी से मिलकर अपनी मांग पत्र मंत्रियों को दिया और तुरंत सुनवाई करते हुए गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने डीजीपी को फोन लगाकर हम लोगों के साथ बैठक कराई जिसका शीघ्र म प्र के सभी ज्वेलर्स को धारा 411 412 में रिलैक्सेशन मिलेगा।

## विधायक श्री रोहाणी ने किया गणेशगंज रांझी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का शुभारम्भ.

**जबलपुर,यशभारत।** आम नागरिकों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक योजना के तहत आज बुधवार को गणेशगंज रांझी में विधायक श्री अशोक रोहाणी ने संजीवनी क्लिनिक का शुभारंभ किया । इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा भी मौजूद थे । गणेशगंज रांझी के इस संजीवनी क्लिनिक से क्षेत्र की जनता को उपचार के साथ-साथ दवाओं एवं विभिन्न प्रकार की जांचों की सुविधायें भी मिलेंगी । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि संजीवनी क्लिनिक प्रारंभ हो जाने से नागरिकों को अपनी छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी ।

## आशा-उषा महिला कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे विधायक सक्सेना , दिलाई आस

### पिछले 46 दिनों से पूरे प्रदेश की कार्यकर्ता हैं भूख हड़ताल पर



**जबलपुर,यशभारत।** वेतन में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर पिछले 46 दिनों से मप्र सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ नारेबाजी कर गांधी टाउन हाल के पास भूख हड़ताल पर बैठीं आशा-उषा कार्यकर्ताओं के पास गुरूवार को विधायक विनय सक्सेना पहुंचे। जिन्होनें आशा-उषा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वे उनकी वेतन बढ़ोत्तरी की मांग की आवाज को आगे तक ले जाएंगे। इस मौके पर कुछ आशा-उषा महिला कार्यकर्ताओं के आंख में आंसू आ गए जिस पर विधायक विनय सक्सेना ने महिला से कहा , आप आंसू पोंछ लीजिए, उनकी मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा समर्थन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

## मोनिस चक्रवर्ती का भारतीय टीम में हुआ चयन

**जबलपुर, यशभारत।** एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए जबलपुर शहर के मोनिश चक्रवर्ती का चयन हुआ है। मध्यप्रदेश जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आगामी चैंपियनशिप का आयोजन केरला में 1 से 6 मई के बीच आयोजित किया जा रहा हैद्य इस चैंपियनशिप में नगर के उभरते पावर लिफ्टर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे इनके चयन पर पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष श्री कमलेश अग्रवाल, सचिव एस टनदेलू, श्री डब्ल्यू लाल, श्री ललित जॉन, प्रशांत मिश्रा, भगवान दास , मानसिंह, और दीनू स्वामी ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### बिगड़ा मौसम, बैशाख में मानसून सा नजारा

# सुबह से तेज धूप, शाम को आंधी पानी

**जबलपुर , यशभारत। वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसम प्रणालियां बनी हैं। इनके असर से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते एक बार फिर पूरे मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। गर्मी के मौसम में मानसून जैसा नजारा आए देखने को मिल रहा है। बैशाख में पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट आ गई है। बेमौसम बारिश और आंधी का दौर जबलपुर ही नहीं समूचे सूबे में जारी है।**



46 जिलों में मौसम बदला हुआ रहेगा। जबलपुर भोपाल, इंदौर, ज के साथ नर्मदापुरम, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंधी-बारिश जारी है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का भी अनुमान है। ओले भी गिर सकते हैं। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ ( वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ) एक्टिव है। इसका असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। इसके चलते ही आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। 4 मई तक यह सिस्टम एक्टिव रहेगा। सुबह से तेज धूप , दोपहर बाद बादलों की आमद फिर शाम होते ही मौसम की रंगत बदल जाती है। रोजाना जबलपुर में आंधी चलती है जो कई घरों के टीन शेड उड़ा देती जो सड़क पर चल रहे वाहन चालक और राहगीरों को मुश्किल में डाल रही है। उन्हें तेज हवा और बारिश की वजह से सुरक्षित स्थानों पर दुबकना पड़ता है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 24 घंटे में जबलपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बिजली गिर सकती है। इस वजह से लोग खुले स्थान में रहने की बजाए शेड्स में रहे।

### खुले में पड़ा अनाज बारिश से भीगा

जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में कई किसानों का खुले में अनाज पड़ा रहा। तेज आंधी और जोरदार बारिश से अनाज भींग गया। मंडी से लेकर आसपास के क्षेत्रों में किसानों ने खेत के पास ही गेंहु रख दिया था। मौसम में आए बदलाव के बाद इसे तिरपाल से ढंक दिया, लेकिन तेज आंधी से तिरपाल उड़ा दी और फिर तेज बिजली चमकने की वजह से किसान खेतों की ओर नहीं आए। इधर झमाझम बारिश से अनाज भीग गया। किसानों का उपार्जन केंद्रों में पड़ा गेंहू भी बारिश की वजह से गीला हो गया।

## हनुमान चालीसा, रामधुन रैली कर प्रार्थना

**जबलपुर , यशभारत।** ग्राम रोजगार सहायक अपनी मांगों को लेकर आज दोपहर से जे डी ए पार्क सिविक सेन्टर जबलपुर में गहनुमान चालीसा, कन्या भोज, रामधुन रैली के माध्यम से* प्रार्थना कर रहे हैं। ज्ञात हो कि विगत 13 मार्च 2023 से ग्राम रोजगार सहायक अपनी जिला संवर्ग में संविलियन सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, ग्राम रोजगार सहायक 9000 रुपये प्रतिमाह के अल्प वेतनमान पर ग्रामीण विकास विभाग एवं केंद्र की समस्त योजनाओं का कार्य कर रहा है, 2017 से एक रुपये की भी वेतन वृध्दि नही हुई है, इतने में द्दह्व्य अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ है, अतः उसे मजबूरी में हड़ताल का मार्ग चुनना पड़ा । हड़ताल के दौरान सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए विभिन्न प्रकार कर नवाचार किये जा रहे है। कभी पैदल यात्रा तो कभी रैली, कभी सामूहिक इस्तीफा तो कभी मा नर्मदा दर्शन यात्रा, तो कभी जल सत्याग्रह..।



## चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा श्रमिकों ने ज्ञापन

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय मजदूर संघ के द्वारा जबलपुर मे सिविक सेंटर स्थित छ्ष्ठ पार्क में केंद्र क्क्रस्र के आह्वान पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। जिला मंत्री कृष्णकांत शर्मा ने इस सम्बन्ध मे बताया कि 7-9अप्रैल 2023 को बिहार के पटना में राष्ट्रीय अधिवेशन में चार प्रमुख प्रस्ताव पारित हुए थे, इससे करोड़ों श्रमिकों को लाभ मिलना है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से चार सूत्रीय मांगे शामिल है, जो कि निम्नानुसार है - 1-सामाजिक सुरक्षा सभी को मुहैया हो। 2-ठेका प्रथा पर रोक लगे। 3-आर्थिक विकास के लिए श्रम नीति बने। 4-न्यूनतम म?दूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी तय हो। इन चार बिन्दुओ को लेकर पूरे भारत देश के सभी जिला मुख्यालयों पर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा एक साथ ज्ञापन सौंपा गया. जबलपुर मे डिप्टी कलेक्टर श्री के आर नीरजगुप्ता जी के द्वारा ज्ञापन लिया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध विभिन्न संगठन उपस्थितरहे। प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के अखिलेश श्रीवास्तव,लता सिंह ठाकुर, रामकुमार सैयाम, कृष्णकांत शर्मा, विनोद साहू, सुरेंद्र पाठक, कुलदीप राजपूत, जगदीश सिंह, लालजी मरावी, रेखा अहिरवार इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट पुलिसिंग की राह पर कई रोड़े : यातायात विभाग के पास चालान के लिए नहीं है क्यूआर कोड



जबलपुर, यशभारत। स्मार्ट पुलिसिंग की राह पर आगे बढ़ रही शहर की यातायात पुलिस आज भी पुराने डर्रे पर चल रही है। जिसके चलते दो पहिया चालक हो या चार पहिया ज्यादातर वाहन चालक कैशलेश हो चुके हैं। वे यूपीआई ( यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) का उपयोग करने लगे हैं। मगर यातायात पुलिस कैशलेस नहीं हुई। इनके पास यूपीआई से पेमेंट लेने की व्यवस्था नहीं है। केवल लंबे समय से यूपीआई की व्यवस्था जल्द से जल्द करने की बात की जाती रही है। वाहन चालकों से नगद भुगतान करने के लिये कहा जाता है। जिसको लेकर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। वाहन चालकों का कीमती समय बरबाद हो रहा है। वाहन चालक कहते हैं कि यातायात के जिम्मेदारों को यूपीआई से पेमेंट लेने का इंतजाम करना चाहिए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

### पीओएस मशीन के सहारे यातायात पुलिस

यातायात पुलिस को कैशलेश करने के नाम पर पीओएस मशीन दी गई है। इससे केवल एटीएम कार्ड के द्वारा भुगतान होता है। यूपीआई के जमाने में अधिकांश लोग एटीएम काड्र रखकर नहीं चलते हैं। जिससे वाहन चालकों को भुगतान करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि यातायात विभाग को आधा सैकड़ा से अधिक पीओएस मशीनें दी गई। जो विभिन्न प्वाइंट्स पर चालानी कार्रवाई करने वाली यातायात की टीमों के पास रहती है।

### मशीन का इस्तेमाल ना के बराबर

यातायात विभाग द्वारा दी गई पीओएस मशीन का इस्तेमाल न के बराबर हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि पीओएस मशीन के जरिए बहुत कम चालान काटे जा रहे हैं। मशीन पर केवल एटीएम कार्ड से भुगतान होता है। जिसके चलते यह व्यवस्था भी बेकार ही साबित हो रही है।

### नहीं है क्यूआर कोड की व्यवस्था

जिन वाहन चालकों के पास नकद रुपए या एटीएम कार्ड नहीं होता है। ऐसे वाहन चालकों से चालान की राशि यातायात विभाग के खाते में जाने के बजाए किसी दूसरे के खाते में जा रही है। चालान की राशि भर चुके वाहन चालक बताते हैं कि यातायात पुलिस के पास यूपीआई की व्यवस्था नहीं है। वे किसी दूसरे के मोबाइल नंबर पर राशि डलवाते हैं। जबकि विभाग को क्यूआर कोड की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि लोग यूपीआई से पेमेंट कर सकें।

### इन्होंने कहा....

फिलहाल क्यूआर कोड की व्यवस्था नहीं है। जल्द ही यह व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। ताकि आमजनों को कोई परेशानी ना हो।

**एएसपी प्रदीप शेंडे**



# मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की बैठक आयोजित .सदस्यों ने रखे अपने अपने सुझाव

जबलपुर यशभारत। मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की जबलपुर रेल मंडल में आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों का मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने स्वागत किया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समिति के 13 सदस्यों ने यात्री सुविधाओं के उन्नयन से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के प्रारम्भ में समिति के सचिव वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यो को पावर प्वाइंट प्रजेनटेशन द्वारा प्रस्तुत किया। जिसमें स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं हेतु रेलवे द्वारा बनाये गए पैदल पुल.,एस्कलेटर, लिफ्ट, ओ.एस.ओ.पी सुविधा, गाड़ियों के स्टोपेज तथा नई गाड़ियों के परिचालन की जानकारी दी

इस बैठक में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के साथ ही अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता विराट गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक यशवंत कुमार, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (समन्वय) संजय मनोरिया, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (परि.) मनीष कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजूनाथ .एस, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अरूण त्रिपाठी, शासकीय रेल पुलिस लोकेश मार्को ने सदस्यों के सुझावो पर अपने विभाग की जानकारियां प्रदान की। बैठक में मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, एसीएम नितेश सोने, पंकज दुबे,गुनार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### समिति सदस्यों ने रखे यह सुझाव

इस अवसर पर समिति सदस्य श्रीमती मनोरमा रतले ने नागपुर के लिए दमोह से ट्रेन चलाने तथा केंटिन को पुनः चालू करने का सुझाव दिया। कमल नयन काबरा ने अजमेर ट्रेन को जबलपुर की जगह इटारसी से चलाने का, अरुण सिंह पवार ने जबलपुर से पूणे ट्रेन प्रतिदिन चलाने, पार्किग कर्मचारियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने निखिल अरूण देशकर ने जबलपुर से रायपुर एवं नागपुर के लिए गोंदिया मार्ग से ट्रेन चलाने, डॉ. प्रशांत पुणेकर ने जबलपुर से नागपुर तक जनशताब्दी ट्रेन एवं छोटे स्टेशनों के प्लेफॉमों पर वाटर कूलर लगाने का तथा बलराम जग्यासी ने मैहर स्टेशन के प्लेफॉर्म की ऊचांई ब?ाने का सुझाव दिया बैठक में मारु? अहमद हनफी आशीष गुप्ता, पुष्पराज सिंह चौहान, सुदर्शन वैद्य, नंद राम पाठक, सुधीर शुक्ला, तथा हरी शंकर शुक्ला ने भी यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए।

# मां बगलामुखी जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम



**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में मां बगलामुखी माता की जयंती पर प्रातः काल से धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुए। भगवती का श्रृंगार अर्चन एवं आरती हुई। सायंकाल मां भगवती का श्रृंगार विशेष पूजन एवं कमल के पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा तत्पश्चात रात्रि 9.00 बजे मां भगवती की पंच महा आरती होगी यह कार्यक्रम ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में होगा।

# आप सबके सहयोग से सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे :महाप्रबंधक

जबलपुर यशभारत। पमरे महाप्रबंधक सभाकक्ष जबलपुर में 27 अप्रैल 2023 को प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की सहभागिता क्षेत्रीय स्तर की बैठक महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल की वित्तीय वर्ष 2022-23 में हासिल उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी साथियों को धन्यवाद एवं बधाई दी, जिनके अथक् प्रयासों से हमने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हम, आप सबके सहयोग से सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और अभी तक की परफॉर्मेंस यह संकेत दे



बैठक का संचालन मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने किया

रही है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।महाप्रबंधक ने कहा कि पश्चिम मध्य रेलवे की स्थापना के बाद पिछले 20 वर्षों में हमने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। ये उपलब्धियां हमारे कर्मचारियों के कठिन परिश्रम एवं सभी यूनियन एवं एसोसिएशन के निरन्तर सहयोग से मिली हैं। इस बैठक में प्रेम ग्रुप के डब्लूसीआरएमएस के अध्यक्ष सी. एम.उपाध्याय, डब्लूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव, डब्लूसीआर ओफिसर्स एसोसिएशन के मणिभूषण सिंह, डब्लूसीआर प्रमोटी ओफिसर्स एसोसिएशन के नितिन तिवारी, डब्लूसीआर एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉई एसोसिएशन के सचिव पुरूषोत्तम आथिया, डब्लूसीआर ओबीसी रेलवे एम्प्लॉई एसोसिएशन के महासचिव पुरषोत्तम यादव सहित मुख्यालय के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक सी. वेणुगोपाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर जगराम मीना, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक पंकज शर्मा, महाप्रबंधक के सचिव राहुल जयपुरियार, उपमहाप्रबंधक अनुराग पांडेय सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# जैन महिला परिषद चंदना संभाग का शपथ समारोह कल

**जबलपुर , यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मध्य प्रदेश चंदना संभाग अध्यक्ष सुनीता जैन मैक्स सचिव मंजू जैन के बताए अनुसार 29 अप्रैल को शाम4 बजे से स्थानीय बड़ा फुहारा स्थित पधारो सा रेस्टोरेंट में सामूहिक शपथ ग्रहण सभी पदाधिकारियों की कार्यशाला साथ में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं कार्यक्रम में लॉर्ड गंज शाखा .हनुमान ताल .मदर टेरेसा .त्रिमूर्ति नगर. बाजना मठ. रांझी .बिजोरी. घंसौर. छपारा .बरेला. चार्गव. बरगी .इंदिराना. मझौली. सिहोरा.छिंदवाड़ा .पनागर. डिंडोरी .धन्वंतरी नगर. सहसपुर. मंडला. लॉर्डगंज बालिका मंडल . पनागर बालिका मंडल मंडल सिहोरा .ग्रीन सिटी. मदन महल . आदि अनेक मंडलों से महिलाएं संस्कारधानी पधार रही हैं।

# प्राचीन काल से ही मोटे अनाज का चलन : कुलपति डॉ. मिश्रा

### सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत जिलास्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अंतर्गत संचालित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनांतर्गत जिलास्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड जबलपुर के निर्देशन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में कृषि महाविद्यालय जबलपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में आयोजित किया गया। मेले में स्वागत उद्बोधन सुशील कुमार निगम, परियोजना संचालक आत्मा,जबलपुर के द्वारा शासन की विभिन्न कृषि आधारित योजनाओं, साथ ही साथ उन्नत कृषि लघु धान्य फसलें, प्राकृतिक खेती, नवाचार अंतर्गत औषधीय फसल चिया की खेती के बारे में बताया गया। मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज के उपयोग,उत्पादन और निर्यात के लिये पहल की है। हमारे लिये मोटा अनाज या श्री अन्न नया नहीं है। देश में प्राचीन काल से ही मोटे अनाज का चलन रहा है। संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने भी प्राकृतिक खेती और लघुधान्य फसलों को लेकर कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका और किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन को लेकर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया ने भी किसानों को कृषि विज्ञान मेले में मोटे अनाज (श्री अन्न) को खरीफकी फसलों में शामिल कर, इसके उत्पादन करने को लेकर जोर दिया। कृषि विज्ञान मेला में रवि आम्रपाली, उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं कृषि वैज्ञानिकों डॉ. डी.के. सिंह, वैज्ञानिक, डॉ. यतिराज खरे, वैज्ञानिक,डॉ. एस.बी.दास, प्राध्यापक कीट शास्त्र विभाग, डॉ. ए.के. जैन, प्राध्यापक, पौध रोग विभाग, डॉ. ए.के. सिंह, वैज्ञानिक,डॉ. आर.पी. साहू, वैज्ञानिक ने लघु धान्य फसले जैसे कोदो, कुटकी,रागी, सांवा, का मूलसंवर्धन एवं प्राकृतिक खेती अंतर्गत बीजामृत, जीवामृत, घनजीवन, अग्निआस्त्र, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र आदि घटकों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश कुमार कटहरे, उपपरियोजना संचालक आत्मा, श्रीमति नविता उरकुड़े, उपपरियोजना संचालक आत्मा, डॉ. इंदिरा त्रिपाठी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन एवं श्रीमति रश्मि परसाई, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी जबलपुर का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी, एवं किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# महाराजा अग्रसेन वार्ड में विशेष स्वच्छता सभा का आयोजन

### महापौर, विधायक ने की भागीदारी



**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महा अभियान के तहत गत दिवस को अहिंसा चौक विजयनगर, संभाग क्रमांक 14 महाराजा अग्रसेन रोड वार्ड में कचरा मुक्ति एवं मिशन नंबर वन बनाने के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के मुख्य आतिथ्य में विशेष स्वच्छता सभा का आयोजन किया गया। विशेष स्वच्छता सभा में नगर निगम की टीम के द्वारा जबलपुर शहर को कचरा मुक्त बनाने का आह्वान किया साथ ही साथ आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में जबलपुर शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने हेतु शहर के हर घर से निकलने वाले से निकलने वाले कचरे को चार अलग-अलग (गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू अपशिष्ट पदार्थ एवं मेडिकल बायो वेस्ट) भागों में विभाजित करने के लिए सभी से आग्रह किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधि में उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना, एम.आई.सी. सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी अमरीश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सुशील धर, पदाधिकारा पंकज पटेल आदि उपस्थित थे।

# पुणे - दानापुर के मध्य चार-चार ट्रिप अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन*

***जबलपुर यशभारत** । रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुणे – दानापुर ङ्क पुणे के मध्य चार–चार ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है । यह गाड़ी दोनों दिशाओं में पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशन से होकर गन्तव्य को जाएगी । इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है ।गाड़ी संख्या 01121 पुणे से दानापुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन *दिनांक 30.04.2023 से 21.05.2023 तक प्रत्येक रविवार को पुणे स्टेशन से 16.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को सुबह 05.30 बजे इटारसी, 08.50 बजे जबलपुर, 10.20 बजे कटनी, 12.25 बजे सतना, 14.23 बजे मानिकपुर और सोमवार को रात्रि 22.45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी ।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01122 दानापुर से पुणे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 02.05.2023 से 23.05.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 00.15 बजे प्रस्थान कर 12.15 बजे सतना, 14.20 बजे कटनी, 16.30 बजे जबलपुर, 20.20 बजे इटारसी और अगले दिन बुधवार को 12.05 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी ।

### जीआरपी को मिली सफलता

# शातिर चोर से जेवरातों से भरा बैग जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** इंदौर से चलकर बिलासपुर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस में एक महिला यात्री का जेवर से भरा बैग पार करने वाले शातिर चोर को मदन महल जीआरपी ने दबोच कर उसके कब्जे से चुराए हुए जेवरात एवं मोबाइल जप्त करने में सफलता हाथ लगी उक्त कार्रवाई मदन महल जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज प्रधान आरक्षक कैलाश वाथरे एवं आरक्षक सत्येंद्र पटेल द्वारा की गई। इस घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार मधु प्रजापति 22 दिसंबर को नर्मदा एक्सप्रेस में सीहोर से मदन महल की यात्रा कर रही थी जब वह अपनी सीट में गहरी नींद में सो रही थी इसी दौरान जबलपुर फूटा ताल निवासी 30 वर्षीय विक्रम पिता कैलाश ने महिला का लेडीज पर्स पारकर मौके से फरार हो गया था महिला यात्री की जब मदन महल स्टेशन में नींद खुली तो पर्स गायब मिला जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा जीआरपी में दर्ज कराई गई थी जीआरपी ने महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी सरगर्मी से तलाश करने में जुटी हुई थी सॉरी गए पर्स में चांदी की पायल 12 नग बिछिया सोने की अंगूठी एवं बच्चों की तीन हाय एवं एक मोबाइल रखा हुआ था जीआरपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अपना नेटवर्क फैलाया और आरोपी को फूटा ताल स्थित उसके ठिकाने से दबोच कर चोरी का सभी मशरूका जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।



# एसडीएम द्वारा क्षमा याचना करने पर कांग्रेसियों ने किया धरना समाप्त



**जबलपुर, यशभारत।** मढ़ाताल स्थित जबलपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय के समक्ष बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस जनों महिलानेत्रीओ की उपस्थिति में बैनर झंडे के साथ नारे लगाते कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे जहां पर कांग्रेसियों के साथ हुई अभद्रता एवं व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध धरना और घेराव करने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दी गई धरना में जेडीए के सीईओ प्रशांत श्रीवास्तव एवं जेडीए स्टाफ द्वारा की गई कांग्रेस जनों के साथ अभद्रता के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया आंदोलन के नेतृत्वकर्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव सौरभ नाटी शर्मा के साथ। नगर कांग्रेस कमेटी के मनोज सेठ पूर्व पार्षद मुकेश राठौर रामदास यादव रविन्द्र गौतम चमन पासी मदन लरिया पंकज पटेल हर्षित यादव अयोध्या तिवारी रामकुमार गुप्ता रमेश यादव रवि गुप्ता महेश पटेल पहालद पटेल विजय जैन चुनना अखिलेश सेठ गुड्डू मामू युवराज तिवारी अंशित सोनी आशीष उसरेठे ताहिर अली रिजवान अली कोटी शिशांत सिंह ठाकुर प्रवेंद्र चौहान मनोज ताम्कार डॉ राजेंद्र पिल्ले पुरषोत्तम नामदेव आदिमौजूद रहे।

# आत्मा एक है बस काया बदलती रहती है, इसी तरह समाज एक है नाम बदलते रहते है : डॉ दुबे

**जबलपुर, यशभारत। आत्मा एक है बस काया बदलती रहती है, इसी तरह समाज एक है नाम बदलते रहते है और समाज को एक सूत्र में पिरोने को ही समरसता कहते है, उक्ताशय के उद्गार वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कौशल दुबे ने भगवान चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी एवँ सम्मान समारोह के कार्यक्रम के अवसर पर महेश भवन गोपालबाग में दिए।**

### समरसता सेवा संगठन ने भगवान चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव पर किया विचार गोष्ठी एवँ सम्मान समारोह का आयोजन



कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अखिलेश गुमास्ता ने की एवं सारस्वत वक्ता के रूप में डॉ बलिराम अहिरवार अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शरदचन्द्र पालन, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन भी मंचासीन थे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कौसल दुबे ने कहा संकल्प की सिद्धि के लिए साधनो की भूमिका महत्वपूर्ण नही रह जाती यदि हमारी निष्ठा सात्विक हो और समरसता सेवा संगठन की निष्ठा सात्विक और उद्देश्य पवित्र है तो निश्चित ही सामाजिक समरसता का कार्य सफल होगा। उन्होंने कहा आज भगवान चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव है, कायस्थ समाज की उत्पत्ति उन्ही से मानी जाती है और कायस्थ शब्द काया से निकला हुआ है उसी तरह जैसे प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक ही आत्मा का निवास है हमारे नाम अलग अलग है यदि उसे हटा दिया जाए तो सभी एक है तो हम कहीं से भी असमरस हो ही नही सकते। उन्होंने कहा संतो की परंपरा हमे विरासत में मिली है अनेको संत हमारे समाज को दिशा देने के लिए प्रकट हुए और उन्होंने सामाजिक समरसता को ही आगे रखते हुए अपना ज्ञान, दर्शन और दिशा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अखिलेश गुमास्ता ने अपने संबोधन में कहा स्वामी रामानंदाचार्य ने लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सामजिक समरसता को महत्व दिया और सभी समाज वर्ग को जोड़ने का कार्य किया क्योकि समरसता और सेवा में जोड़ने के भाव है और आज उसी गोष्ठी के सारस्वत वक्ता डॉ बलिराम अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा समरसता आज की महती आवश्यकता है और समरस्ता सेवा संगठन द्वारा सबको जाने और सबको माने के धेय्य वाक्य के साथ जो कार्य प्रारंभ किया गया है यह प्रशंसनीय है। संगठन के राजेश ठाकुर ने भगवान चित्रगुप्त जी की उत्पत्ति के साथ ही उनके कृतित्व एवँ व्यक्तित्व के बारे में बताया। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने संगठन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना दी।

### समाज के प्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में कायस्थ समाज के प्रतिनिधि श्रीमती रत्ना श्रीवास्तव, अमरेंद्र नारायण, बच्चन श्रीवास्तव, डॉ विनोद श्रीवास्तव, शिशी खरे, गणेश खरे, नीरज वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, मनीष खरे, राकेश श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव, डॉ आशीष श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, देवेंद्र वर्मा, सहेंद्र श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, गोपालकृष्ण श्रीवास्तव, डॉ रेणु श्रीवास्तव, नितिन वर्मा, गोपाल श्रीवास्तव रेखा श्रीवास्तव का सम्मान किया गया।संचालन संगठन के सचिव उज्वल पचौरी एवँ आभार श्री अनिल सोनी अन्नू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी एवँ सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त, नगर पालिक निगम, जबलपुर**

क्रमांक-अधी.यंत्री कालोनी सेल/जनसंपर्क/2023-24/129/पीआरओ-69

दिनांक : 27.04.2023

**प्रारंभिक सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम सीमांन्तर्गत मौजा गोहलपुर प.ह.नं. 24/2 न.बं. 601 खसरा नं. 267 रकबा 1.1510 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की गई अवैध कालोनी के संबंध में अवैध कालोनी निर्माताओं / आम नागरिकों एवं संबंधितों को इस सूचना के माध्यम से जनहित में सूचित किया जाता है कि प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अवैध कालोनी मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 के अधीन अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रुपये 42/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर विकास दर अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने के लिये तैयार योजना के अवलोकन पश्चात सर्व संबंधितों को यदि कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना है तो वह नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय कालोनी सेल कक्ष क्रमांक-5 में इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्रश्नाधीन कालोनी के संबंध में तैयार कराई गई सर्वेक्षण रिपोर्ट (अभिन्यास) एवं उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन भी किया जा सकता है। आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यथा प्रकाशित रूप में अंतिम मान्य किया जा सकेगा।

अपर आयुक्त हेतु
सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त, नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर**

**माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.आ.सू. क्र.-02/2023-24/87 — भोपाल दिनांक 19/04/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग- जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptender.gov.in)(Department of Directorate of Health Services ) 02 लिफाफा पद्धिति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस ओ आर.15/09/2022 (निविदा जारी दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनो सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-निविदा सूचना क्रमांक-02/2023-24

| स. | टेण्डर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू. लाख में | जमा धरोहर राशि रू. में | टेण्डर दर राशि रू. में | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_DHS _269252 | रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर में फायर एनओसी तथा इलेक्टिकल ऑडिट कार्य ।द्वितीय आमंत्रण | 21.59 | 43180.00 | 5000.00 | 01 माह वर्षा काल सहित |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा क्रय दिनाक 21/04/2023 एवं 01/05/2023 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, के पक्ष में देय हो। धरोहर राशि एवं वित्तीय आफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-जबलपुर माधवराव सप्रे मार्ग, मुख्य मार्ग क्रमांक-03, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईड में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किये जायेंगें एवं निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है। उपरोक्त निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकार को फायर फाईटिंग का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-जबलपुर

G-12090/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## राजधानी की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की कवायद जल्द

# शहर की बिगड़ैल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने कलेक्टर खुद उतरेंगे सड़कों पर

**भोपाल यशभारत। राजधानी के बिगड़ैल ट्रैफिक की वजह से विभिन्न मार्गों पर आमजन अक्सर जाम की समस्या का सामना करते हैं। इसकी वजह से लोगों को कुछ मिनटों की दूरी के लिए आधा घंटे से एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में अब राजधानी की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की कवायद जल्द ही शुरू की जाएगी। इसके लिए तीन मई को खुद कलेक्टर आशीष सिंह अपने पूरे दल-बल के साथ सड़कों पर उतरेंगे। यह निर्देश उन्होंने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए हैं।**



इस दौरान नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी, एडीशनल डीसीपी संदीप दीक्षित सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सुबह साढ़े नौ से दोपहर ढाई बजे तक करेंगे भ्रमण**

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था, पार्किंग, ब्लैक स्पाट, लेफ्ट टर्न, अतिक्रमण, जर्जर स?क, रोटरी, मल्टीलेवल पार्किंग आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। इन्हीं सभी व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह बुधवार तीन मई को सुबह साढ़े नौ से दोपहर ढाई बजे तक यातायात पुलिस, बिजली कंपनी, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित अन्य विशेषज्ञों के साथ विभिन्न मार्गों का निरीक्षण करेंगे।

**पार्किंग में खड़े कराएंगे वाहन, ई-रिक्शा रहेंगे तैनात**

शहर में चार मल्टी लेवल पार्किंग हैं, जिनमें एमपीनगर, न्यूमार्केट, मोती मस्जिद, चटोरी गली में स्थित है। इन सभी में वाहनों को अधिक से अधिक पार्क कराया जाएगा, जिससे कि सड़कों पर अव्यवस्थित वाहनों की संख्या कम हो। साथ ही इन पार्किंग के बाहर ई-रिक्शा तैनात किए जाएंगे, ताकि लोगों को यहां से आवागमन करने में सहूलियत रहे। इनका कहना है

### बैठक में लिए गए यह निर्णय

- तीन महीने में बनाए जाएंगे 30 लेफ्ट टर्न।
- बीआरटीएस का सर्वे कराया जाएगा।
- कोई भी एजेंसी बिना अनुमति के स्पीड ब्रेकर नहीं बनाएगी।
- जिन रोटरियों की वजह से ट्रैफिक बाधित होता है, उन्हें चिह्नित किया जाएगा।
- शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती से कार्रवाई शुरू की जाएगी।
- 350 से अधिक सिटी बसों के समय पर रखी जाएगी नजर।
- स्कूल बसों की फिटनेस और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की भी जांच की जाएगी।



## मध्य प्रदेश में चुनावी वर्ष में सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने का चलेगा अभियान

■ भोपाल, यशभारत।

चुनावी वर्ष में सड़कों के गड्ढे मुद्दा न बनें, इसके लिए सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने का अभियान चलाएगी। हर स्तर पर इंजीनियरों की जिम्मेदारी तय होगी। वर्षाकाल में भी गड्ढे भरने का काम होगा। इसके लिए अलग से ठेके होंगे। जिस ठेकेदार को काम मिलेगा, उसे ऐसे स्थान पर मशीन सहित अन्य सामग्री की व्यवस्था रखनी होगी, जहां से पहुंच आसान हो।वर्षा से पूर्व सड़कों का निरीक्षण करके कमजोर भागों को चिन्हित करके सुधार का काम होगा। उपयंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री तक साप्ताहिक निरीक्षण करेंगे और प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजेंगे। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह व्यवस्था पहली बार बनाई गई है। पिछले साल वर्षाकाल में बड़े पैमाने पर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई थीं। वर्षा के दौरान संधारण का काम भी आमतौर पर बंद रहता है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। गड्ढों का आकलन करने से लेकर ठेकेदार का चयन और अनुबंध की प्रक्रिया में दो माह का समय लग जाता है। इससे गड्ढों का आकार बढ़ जाता है और कई मामलों में सड़कों को इतनी क्षति हो जाती है कि नए सिरे से निर्माण कार्य कराना पड़ता है। इससे शासन पर अतिरिक्त वित्तीय भार आता है। इसे देखते हुए विभाग ने इस वर्ष वर्षाकाल में सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसमें सर्वप्रथम तो वर्षा पूर्व संधारण के काम करके सड़कों पर गड्ढे होने ही नहीं दिए जाएंगे। यदि गड्ढे हो भी गए हैं तो प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान कर वर्षाकाल में ही संधारण की कार्यवाही की जाएगी। विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने बताया कि संभाग स्तर पर विभाग की सभी सड़कों को उपयंत्री, अनुविभागीय अधिकारी और कार्यपालन यंत्री के बीच विभाजित किया जाएगा। इन सड़कों की निगरानी करने की जिम्मेदारी संबंधित इंजीनियर की ही होगी। सड़क विकास निगम भी अपनी सड़कों को लेकर ऐसा ही विभाजन अधिकारियों के बीच करेंगे। सभी को आवंटित सड्कों का निरीक्षण करके कमजोर भाग को चिन्हित करने के साथ साप्ताहिक निरीक्षण करते रहने होगा। निरीक्षण रिपोर्ट संधारण कार्य करने वाले ठेकेदार और वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी। ठेकेदारों को क्षति सुधारने के लिए मुख्य अभियंता द्वारा निर्देश दिए जाएंगे। ठेकेदार को समयसीमा के भीतर काम करना होगा। ऐसा नहीं करने वाले ठेकेदार पर अर्थदंड लगाने के साथ काली सूची में डालने की कार्यवाही भी की जाएगी। सड़कों संधारण के लिए संभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार होंगे और उसी स्तर पर ठेकेदारों का चयन किया जाएगा। सभी ठेकेदार और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर होंगे। कंट्रोल रूम क्षति सुधार का काम पूरा होने तक निगरानी करता रहेगा।

**वर्षाकाल में भी गड्ढे भरने का काम होगा**



## पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ मलैया समेत पांच मंडल अध्यक्षों की भाजपा में वापसी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के बेटे सिद्धार्थ मलैया की भाजपा में वापसी हो गई। आज सुबह भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा की मौजूदगी में सिद्धार्थ ने पार्टी की सदस्यता ली। उनके साथ ही पांच मंडल अध्यक्ष की भी वापसी हुई है। सिद्धार्थ ने अपनी वापसी पर कहा- पार्टी का आभार कि मुझे दोबारा मौका दिया। बता दे दमोह 2021 में दमोह के विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह को 17000 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था और कांग्रेस प्रत्याशी अजय टंडन चुनाव जीते थे। राहुल सिंह इस हार के लिए मलैया परिवार को जिम्मेदार ठहराया था और पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया था। जिसके बाद संगठन ने कार्रवाई करते हुए पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया को नोटिस जारी किया था और उनके बेटे सिद्धार्थ माल्या सहित पांच मंडल अध्यक्ष को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। पूर्व वित्तमंत्री और उनके बेटे के साथ सभी ने अपना जवाब प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा को दिया था, लेकिन सिद्धार्थ की वापसी नहीं हुई। इसके बाद लगातार कयास लगाए जा रहे थे कि सिद्धार्थ की घर वापसी होगी, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ और नगर पालिका चुनाव के दौरान सिद्धार्थ ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद शहर के 31 वार्ड में उनके समर्थकों ने ह्लह्यद्व के बैनर तले चुनाव लड़ा था जिसमें से 5 प्रत्याशी पार्षद पद का चुनाव भी जीते थे और इसी के चलते दमोह में भाजपा की नगरपालिका नहीं बन पाई थी और कांग्रेस यहां काबिज हो गई थी। लगातार भाजपा को दमोह में हार का सामना करना पड़ रहा था जिला पंचायत में भी भाजपा हार गई थी इसके अलावा हटा नगर पालिका जहां पर भाजपा का कब्जा था वहां भी कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया था।

**दमोह में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा**

# गैर भाजपाई और कांग्रेसी दल एकजुट, आप शामिल नहीं

## एमपी में तीसरे मोर्चे की पहली बैठक

■ भोपाल, यशभारत।

**मध्य प्रदेश में भाजपा कांग्रेस की मुसीबतें चुनावी साल में और भी बढ़ सकती हैं. आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद अब प्रदेश में तीसरा मोर्चा भी तैयार हो रहा है. इसमें गैर भाजपाई और कांग्रेसी दल शामिल हैं. ।बड़ी मुसीबत की बात यह है कि प्रदेश के अलग-अलग सामाजिक संगठनों को भी तीसरे मोर्चे में मिलाने की तैयारी है।**

आज भोपाल के गांधी भवन में एक दर्जन राजनीतिक दलों ने मिलकर बैठक की और आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनाई. इसमें मुख्य रूप से ओबीसी महासभा, एआईएमआईएम के प्रतिनिधि मंच पर एक साथ नजर आए. लेकिन आम आदमी पार्टी इसमें शामिल नहीं थी।

अपनी सरकार बनाओ-संविधान बचाओगांधी भवन में एकजुट हुए अलग-अलग दलों के नेताओं ने 'अपनी सरकार बनाओ- संविधान बचाओ मोर्चा' के नारे पर एकजुट होने की बात कही. ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लोकेंद्र गुर्जर ने कहा प्रदेश की सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने की हम तैयारी कर रहे हैं. आने वाले समय में 40 से ज्यादा पार्टी और सामाजिक संगठनों को एक मंच पर लाया जाएगा. ओबीसी महासभा के साथ एआईएमआईएम और जयस के नेता कार्यकर्ता भी आज की बैठक में शामिल हुए. यह सभी पार्टी और संगठन मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कई मौकों पर धरने प्रदर्शन और आंदोलन कर चुके हैं.

### कांग्रेस ने बताया भाजपा की फंडिंग

मध्यप्रदेश में लंबे अरसे से विपक्ष में बैठी कांग्रेस 2023 के विधानसभा चुनाव के जरिए सत्ता में वापसी के लिए पूरी जोर आजमाइश कर रही है. वो 2018 के परिणाम दोहराना चाहती है. लेकिन इस सबके बीच लगातार मध्यप्रदेश में बढ़ रहे अन्य राजनीतिक दलों के दखल ने उसके लिए भी एक नई चुनौती खड़ी कर दी है।

## जल्द जारी होने वाला है एमपी बोर्ड 10-12वीं रिजल्ट, ऐसे कर सकेंगे चेक

■ भोपाल, यशभारत।

एमपी बोर्ड रिजल्ट 2023 जल्द जारी होने वाला है। परिणाम mpresults.nic.in और mpbse.nic.in के साथ नईदुनिया वेबसाइट पर चेक किए जा सकेंगे। 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 30 अप्रैल तक जारी कर दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके रिजल्ट जारी करेंगे। स्क्क क्चश्वडुह्स्र क्लास 10वीं की परीक्षा 1 मार्च से 27 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। वहीं, 12वीं बोर्ड की परीक्षा 2 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। पिछले साल रिजल्ट 29 अप्रैल को जारी कर दिया गया था। वहीं, पिछले वर्ष 10वीं का रिजल्ट 59.54त्न और 12वीं का 72.72त्न रहा था। पिछले वर्ष 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 29 अप्रैल को जारी हुआ था।




## बीजेपी के नेता दलाल बन गए है : दिग्विजयसिंह

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह का एक बड़ा बयान गुरुवार को आया है जिसमें उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता दलाल बन गए हैं। बदनावररेस्ट हाऊस पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश में इस समय परिवर्तन की लहर चल रही है। मतदाता भाजपा सरकार की रीति नीति से तंग आ चुके हैं तथा उसे चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट मांगने का कोई हक नहीं है। पार्टी आज सरकार नहीं चला रही वह व्यवसाय कर रही है। सभी नेता दलाल बन गए हैं। अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग लोगों को लूटने में लगा है। उन्होंने यह भी मंजूर किया कि वर्ष 2020 में कांग्रेस की अच्छी भली सरकार के जाने का उन्हें काफी पछतावा है। किंतु ज्योतिरादित्य सिंधिया के वापस कभी कांग्रेस में आने पर आप स्वागत करेंगे तो इस प्रश्न को वे टाल गए।केजरीवाल द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की फर्जी डिग्री का मुद्दा उठाए जाने पर उन्होंने कहा कि यह सही है। कोई सहपाठी यह बताने के लिए तैयार नहीं है कि मोदीजी मेरे साथ कॉलेज में पढ़े हैं और मैंने दुकान पर चाय पी है। उन्होंने कहा कि धार में कल जो लड़की की हत्या हुई उसमें पुलिस लापरवाही सामने नजर आ रही हे। जब उसने तीन उस लड़के के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई तो सो गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया प्रदेश में वैसे भी सब सादिक महिला पर अत्याचार होते हैं।उन्होंने किसान फसल मुआवजा बिजली बिल बीमा राशि, शिक्षित बेरोजगारी भत्ता, ब्राह्मणों के लिए आयोग का गठन, लाडली बहना योजना आदि के बारे में कहा कि कांग्रेस सरकार में लागू की गई कई योजनाएं बंद कर अब उन्हें नए सिरे से लागू किया जा रहा है। हमारी सरकार में लाडली बहना योजना हिमाचल एवं कर्नाटक में पहले ही लागू हो चुकी है। जबकि 20 साल बाद और चुनाव के 6 महीने पहले शिवराजसिंह चौहान को अब इनकी याद आई है।




# बड़ी व पापड़ से मिला ग्रामीण महिलाओं को रोजगार

## अपने संग परिवार की भी बदल रहीं तकदीर

■ भोपाल, यशभारत।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत का सपना रातीबड़ क्षेत्र के छोटे से गांव सेमली में भी साकार हो रहा है। यहां की 15 ऐसी महिलाएं जो घरेलू कार्य करती थीं, उन्होंने घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से मूंग दाल की बड़ी व पापड़ बनाने का काम शुरू किया। घर में चूल्हा-चौका के काम से निपटने के बाद ये महिलाएं सुबह 10 बजे सेमली गांव के एक हाल में पहुंच जाती हैं, यहां शाम छह बजे तक बड़ी व पापड़ बनाती हैं। धूप में बड़ी व पापड़ सूखने पर पैक करके दुकानों पर जाकर बेचने जाती हैं। इससे जो आय होती है, वो महिलाओं की होती है। यह कार्य वर्ष-2019 से समाजसेविका पूजा सिंह परमार ने शुरू कराया था, लेकिन कोरोना के चलते काम बंद हो गया था। अब इसे हाल ही में फिर शुरू कराया गया है। बड़ी व पापड़ बनाने से महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। महिलाएं छह से आठ हजार रुपये तक महीने के कमा रही हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। बड़ी व पापड़ बनाने वाली सरिता, लीला, रीना सहित अन्य महिलाएं बताती हैं कि पहले आर्थिक तंगी से जूझते थे। घरेलू कामकाज तक ही सीमित थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बारी-बारी से बड़ी व पापड़ बनाते हैं। छत पर सुखाकर पैक करते हैं। फिर रातीबड़, नीलबड़, कोलार, फंदा सहित अन्य इलाकों की दुकानों में पापड़ सप्लाई करते हैं। गर्मियों में यह काम बढ़ जाता है। घर खर्च लायक आमदनी हो जाती है।



**जल्द आएगी मशीन, फिर बनेंगे अधिक पापड़**

समाजसेविका पूजा सिंह परमार ने बताया कि महिलाओं को जल्द ही बड़ी व पापड़ बनाने वाली मशीन निश्शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। 15 से 50 हजार तक मशीन आ रही हैं, जो इस महीने की अंत तक आ जाएगी। इससे महिलाएं अधिक मात्रा में बड़ी व पापड़ बना सकेंगी। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। पहले गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया। उन्हें आत्मनिर्भर बनने के बारे में बताया। आज महिलाओं के चेहरे पर खुशी है कि वे स्वरोजगार की राह पर चलते हुए अपने साथ-साथ परिवार की भी स्थिति को संवार रही हैं।



## अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीसी कोठारी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

■ भोपाल, यशभारत।

जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पीसी कोठारी के खिलाफ उपाध्यक्ष सुहाग सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष शुभम मीणा और पुस्तकालय अध्यक्ष सौरभ स्थापक सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने बुधवार को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। जिला अभिभाषक संघ के सचिव को पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव में 25 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए है। जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अध्यक्ष पीसी कोठारी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शीघ्र बैठक बुलाकर अध्यक्ष पीसी कोठारी को पद से हटाने की मांग की है। जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सचिव को सौंपे अविश्वास प्रस्ताव के पत्र में कई आरोप लगाए हैं। पत्र में लिखा है कि अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पीसी कोठारी द्वारा निर्वाचित होने के उपरांत से ही पद की गरिमा, अधिवक्ता हितों व बार के संविधान के विरुद्ध आचरण किया जाता रहा है। उनके द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों के विरुद्ध उपेक्षा व दुर्भावनापूर्ण व्यवहार किया जाता रहा है। उनके व्यवहार से दिखता रहा है कि उन्हें पद का अहांकार हो गया है। इस कारण वह अधिवक्ता हित भूल कर स्वयं के हितों पर ध्यान देने लगे हैं। इस कारण अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। जिससे व्यथित होकर कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तावित करते हैं।

उधर इस संबंध में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पीसी कोठारी ने सभी सदस्?यों के नाम पर एक पत्र के माध्यम से अपना पक्ष रखा है।

## सूडान से भोपाल पहुंचे जयंत, केवलानी परिवार में खुशी का माहौल, मिठाई बांटी

■ भोपाल, यशभारत।

सूडान में हिंसा के कारण फंसे बैरागढ़ निवासी युवा जयंत केवलानी ने भारतीय जत्थे के साथ कुछ समय सऊदी अरब के जेद्दाह में बिताया। गुरुवार सुबह वह सुरक्षित भोपाल वापस लौटे। राजा भोज एयरपोर्ट पर जयंत के स्वजनों व मित्रों ने उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि बुधवार शाम को भारतीय वायुसेना का विशेष विमान जेद्दाह से नई दिल्ली पहुंचा। इस विमान में सूडान में फंसे भारतीयों को लेकर लौटे जत्थे में जयंत भी शामिल थे। जयंत के सुरक्षित वापस लौटने से एक सप्ताह से अनहोनी की आशंका से चिंतित केवलानी परिवार की खुशियां लौट आई। जयंत की मां तमन्ना, बहिन वंशिका एवं दादा गिरधारीलाल के मुरझाए चेहरे खिल उठे। परिवार ने जयंत के लौटने की खुशी में मिठाई बांटी। नरेंद्र ने कहा कि परमात्मा ने हमारी पुकार सुन ली। उल्लेखनीय है कि यहां के व्यवसाई नरेंद्र केवलानी का पुत्र जयंत केवलानी कारोबार के सिलसिले में सूडान गया था। 20 अप्रैल को उसे वापस भारत आना था। वापसी के दो दिन पहले ही वहां गृह युद्ध के हालात निर्मित हो गए।



## डिंडोरी में महिलाओं के अपमान के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

### सीएम शिवराज का पुतला फूंका

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के डिंडोरी जिले में पिछले दिनों मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह के आयोजन में कुछ युवतियों का प्रेगनेंसी टेस्ट किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल और पार्टी की महिला इकाई की जिलाध्यक्ष संतोष जितेन्द्र कसाना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से विवाद भी हुआ। इस मौके पर महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म, उत्पीड़न जैसे अपराधों के अलावा महिला अपमान के मामने में भी नंबर वन है। शासकीय योजना के तहत हुए सामूहिक विवाह आयोजन में प्रेगनेंसी टेस्ट के नाम पर महिलाओं का अपमान बेहद शर्मनाक बात है। इस तरह सरकार ने समस्त नारी जाति का अपमान किया है। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज को महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

# राशन दुकान पर हंगामे के बाद जांच करने पहुँचा जाँच दल अब खुलेगी कलई या फिर होजाएगी लीपापोती

**गाडरवारा (यशभारत)मार्केटिंग सोसायटी की 6 नंबर दुकान पर गुरुवार को जांच दल ने पहुंचकर सुभाष वार्ड एवं निरंजन वार्ड के हितग्राहियों से संपूर्ण जानकारी ली। शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण करते हुए तहसीलदार प्रियंका तेगाम, फूड इंस्पेक्टर शंकर पटेल पटवारी योगेश पटेल ने जांच प्रतिवेदन तैयार किया।**



अनाज लेने आए लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में हितग्राहियों को भटकाया जाता है कभी भी समय पर अनाज नहीं मिलता महीने के अंत में दुकान खुलती है पर्चियां कटने के उपरांत भी चक्कर काटने पड़ते हैं द्य जांच दल ने उपस्थित हितग्राहियों से अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा करते हुए सेल्समैन एवं कर्मचारियों से राशन दुकान में कितना स्टाक है उसकी जानकारी सहित पूर्व में किए गए वितरण के बारे में भी जानकारी ली और कार्ड धारियों से पूछा कि उन्हें किन-किन महीने का अनाज मिला है द्य जांच दल ने गंभीरता से सभी विषयों पर पूछताछ करते हुए जांच की है द्य 2 दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और उनकी टीम ने मार्केटिंग सोसायटी के सामने अनाज वितरण न होने एवं अनाज दुकान बंद होने पर हंगामा किया था और इसकी शिकायत उचित स्तर पर की थी। प्रशासन ने उस दिन के हंगामे के बाद शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण करने के लिए जांच दल गठित कर मार्केटिंग सोसायटी का निरीक्षण कराया द्य जांच दल मार्केटिंग सोसायटी की राशन दुकान पहुंचा, लेकिन मार्केटिंग सोसायटी के जिम्मेदार इस दौरान भी नजर नहीं आए द्य अब देखना है कि हमेशा की तरह केवल यह जांच एक दिखावा रह जाती है या जांच के उपरांत कोई कार्यवाही भी होती है द्य कायदे से सभी राशन दुकानों में जांच की जाना चाहिए क्षेत्र में बड़े भ्रष्टाचार के खुलासे होंगे यह नागरिकों का दावा है।



# छात्रों ने जाना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को

## शासकीय एस एस कालेज सिहोरा में कार्यशाला

**सिहोरा, यशभारत।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचारङ्कप्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वन के संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देश एवं प्राचार्य डॉ श्रीमती संतोष जाटव के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के सभागार में नई शिक्षा नीति विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एंबेसडर ट्रेनर डॉ मनोज श्रीवास्तव प्राध्यापक वाणिज्य,डॉ शिखा सक्सेना विज्ञान महाविद्याल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की डॉ श्रीवास्तव ने आर्डिनेंस 14 ए,14 बी,चयन आधारित क्रेडिट सिस्टम, बहुविषयक शिक्षा,बहु आगमन ङ्कबहु निर्गमन,परिणाम आधारित शिक्षा,अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ,ग्रेड कार्ड, मूल्यांकन पद्धति और डॉ. शिखा द्वारा भारतीय समृद्ध ज्ञान परंपरा,व्यावसायिक शिक्षा,ऑनलाइन पाठ्यक्रम योग्यता संवर्धन व्यवहारिक ज्ञान परियोजना आदि सेडमैप विषय पर छात्रों का ज्ञानवर्धन और उनकी शंका का समाधान किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राजा मोर ने अपने उद्बोधन में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आज से ऐसे छात्र जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं पोर्टल के माध्यम से कोर्स करना चाहते हैं उनका परीक्षा का शुल्क मेरे द्वारा वहन किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति 2020 में उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक विकल्पों को बताते हुए नवीन ज्ञान के साथ-साथ प्राचीन ज्ञान परंपरा से भी जुड़े रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, पूजा बरकडे जनपद सदस्य शशांक पाण्डेय,डॉ अरुणा पाण्डेय,डॉ नागेंद्र सिंह,डॉ सुनु आर के मैथ्यू,डॉ नीता तिवारी,डॉ एस एस बागरी डॉ अजय कोष्टा,डॉ डी के बघेल, डॉ गीता पाण्डेय,डॉ राजेश वाहने,डॉ एस के मेहरोलिया सहित महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक सदस्य और लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे संचालन अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक जागेश्वर प्रसाद प्रजापति ने किया।



# विद्युत समस्या से मिलेंगी निजात भामा और सुन्हेटी में बदले गए ट्रांसफार्मर

**नरसिंहपुर /तेंदूखेड़ा यभाप्र।** पिछले सप्ताह अचानक तेज हवाओं के कारण विगडी विद्युत व्यवस्था से संपूर्ण क्षेत्र में त्राहि त्राहि मच गई थी, जिसे लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भामा, बंधी एवं इन सब स्टेशनों से जुड़े ग्रामों की व्यवस्था में सुधार किया गया है। हमारे प्रतिनिधि को कनिष्ठ अभियंता युवराज सिंह से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुन्हेटी पावर हाउस में 33/11 के वी से ओवरलोड होने से आये दिन बिजली की समस्या बनती थी।विधुत विभाग द्वारा 11 केवी फीडर का नवनिर्माण कराया गया वहीं सर्रा, टपरिया, बंधी ग्रामों को सुन्हेटी पावर हाउस से जोड़ा गया है। जिससे इन ग्रामों में ओवरलोड, लो वोल्टेज, लाइन फाल्ट होने की समस्या से निजात मिलेगा। पूर्व में यह ग्राम भामा पावर हाउस से जुड़ा हुआ था। भामा पावर हाउस के मनकापुर कृषि फीडर ग्राम ग्वारी और बंधी सुन्हेटी के नवनिर्मित 11 के वी के फीडर से जुड़ने से मनकापुर कृषि फीडर का लोड भी कम हुआ है जिससे मनकापुर कृषि फीडर में भी ओवरलोड, लो वोल्टेज और फाल्ट जैसी समस्याओं से किसानों को राहत मिली है। तेंदूखेड़ा विधुत वितरण केन्द्र के अंतर्गत भामा सबस्टेशन में 5 एम बी ए का पावर ट्रांसफार्मर खराब हो गया था ट्रांसफार्मर खराब होने से विधुत सप्लाई प्रभावित हुई थी जिससे किसानों को खेतों में फसलों को सिंचित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

# अध्यात्म विद्या से होता है आत्मा का हित

***शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** व्यसनों में पढ़ने से हमारा जीवन व्यर्थ होता है। हितकारी वस्तु वह होती है जो वर्तमान के साथ साथ भविष्य में भी सुख दे। अपनी आत्मा का हित जिस कार्य में हो वह वर्तमान में और भविष्य मैं सुखकारी होता है, हमारा हित और अहित किसमें है यह समझना ही विधा है। आत्मा का आहित करने वाला कार्य अविद्या है। नैतिक शिक्षा प्रणाली आज दूर होती जा रही है। वर्तमान की जनरेशन को केवल पार्टी और एंजॉयमेंट चाहिए। जहां उनके मन को अच्छा लगता है वे वहाँ जाना चाहते हैं। अधिक रात्रि तक घूमना फिर होटलों के चक्कर काटना आदि जैसे कार्य आज की पीढ़ी को अच्छे लगते हैं। इन सब कार्यों से आत्मा का कोई हित नहीं होने वाला अपितु जीवन गर्त में ही चला जाता है। अध्यात्म विद्या और ज्ञान के आधार पर ही मोक्ष की यात्रा या आत्मा के हित की यात्रा पूरी की जा सकती है।उक्त उद्गगार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए। जहां प्रतिदिन प्रातः 8~30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है। शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है।





# तन की सुंदरता से बड़ी मन की सुंदरता-दीपेश्वर पाठक

## कथा में हुआ कृष्ण रुकमणी का मंगल विवाह

**सिहोरा, यशभारत।** शेषनाग मंदिर कुंआ में चल रही सार्वजनिक सप्तदिवसीय भागवत कथा के छटवें दिवस व्यासपीठ से दीपेश्वर पाठक छोटू महाराज ने कहा की तन की सुंदरता से बडी मन भक्ति की सुंदरता होती है जिस तरह रुकमणी ने भगवान की भक्ति कर उन्हे प्राप्त कर लिया उसी तरह जब हम भगवान की भक्ति वृत्ति,मन,बुद्वि से करेगे तो भगवान की कृपा जरुर होगी छोटू महाराज ने श्रीकृष्ण रुकमणि मंगल विवाह की मिमांसा करते हुए कहा की जब भी भक्तों पर संकट आता है तब रक्षा करने भगवान किसी न किसी रुप में अवतरित होते है जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने रुकमणी से मंगल विवाह करके किया। आगे कहा की रुक्मणि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री थी वह भगवान श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थी। प्रभु श्रीकृष्ण भी रुक्मणी को चाहते थे लेकिन रुक्मणि का भाई रुक्मी रुक्मणि का विवाह दुष्ट राजा शिशुपाल से तय कर दिया था तथा शिशुपाल बारात लेकर आ गया। रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को संदेश भिजवाया। रुक्मणि सहेलियों के साथ मंदिर पूजन करने के बहाने जाती हैं।वहां भगवान श्रीकृष्ण आए और रुक्मणि का हरण कर रथ में ले गए और भगवान श्री कृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मणि के साथ हुआ। कथा में श्री कृष्ण माता रुक्मणी के विवाह में भक्त भावविभोर होकर भगवान श्री कृष्ण की जयकारा लगाने लगे। कथा के पूर्व फडीस नायक,सुरेन्द्र गुप्ता,अजय नायक,अमित साहू,बिनोद श्रीवास्तव, सतेन्द्र नायक,पप्पू मालगुजार, राहुल गुप्ता,विजय गुप्ता, राजेश नायक,गोपाल पाठक,अनिल दुबे,सुनील तिवारी गुड्डू, प्रवीण कुररिया, सुनील तिवारी नंदू आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



# रचनाओं पर काव्य गोष्ठी का आयोजन

**सिहोरा, यशभारत।** पाठक मंच द्वारा आयोजित गोष्ठी में अखिलेश खरे अखिल की रचनाओं पर विमर्श एवं काव्य पाठ का आयोजन रेस्टोरेंट में किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ अंजना खरे के द्वारा मधु सुंदर शब्दों में आराधना की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष जय प्रकाश श्रीवास्तव,मुख्य अतिथि राजा चौरसिया ,विशिष्ट अतिथि गणेश प्यासा,विजय विश्वकर्मा और विजय बागरी ने रचनाओं पर विमर्श करते हुए कहा की वे जमीन से जुड़े कवि हैं7 उनकी रचनाएं पचेली की मिठास और रिश्तों की महक समेटे हैं 7 अंजुलता चौबे,प्रमोद दाहिया ने भी जन से जुड़ी रचनाओं पर अपने भाव व्यक्त किये 7 नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने प्रत्येक रचना पर विस्तार से लिखते हुए दोहों की विविधता,गीत के भिन्न आयाम, कुंडलियों के व्यंग के साथ साथ उनके शिल्प पक्ष की सराहना की।पाठक के लिखित आलेख का वाचन बागरी ने किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए नारायण तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये साथ ही सुंदर हास्य गीत प्रस्तुत किया7 डाँ अरुणा पांडे ने आभार व्यक्त किया।धर्मशीला दुबे,रमेश सेन बमचक द्वारा एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ किया गया।कार्यक्रम में विनीता श्रीवास्तव,विनीता तिवारी, सुषमा खरे, सुषमा कर्चुली,राजेंद्र दुबे उपस्थित थे।

# एक राय होकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को आजीवन सजा

**नरसिंहपुर यभाप्र।** एक राय होकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों बिरजूबाई उर्फ राजकुमारी, लक्ष्मीबाई जोगी व राहुल उर्फ विवेक सभी निवासी जोगी मोहल्ला मुरलीधर वार्ड गोटेगांव, थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को न्यायालय, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, नरसिंहपुर अखिलेश कुमार धाकड़ द्वारा भादवि की धारा 302 सहपठित धारा 34 में दोषसिद्ध पाते हुये तीनों आरोपीगण को आजीवन कारावास एवं एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड दंडित किया गया है।

जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि फरियादी पवन जोगी द्वारा इस आशय की रिपोर्ट लिखाई गई कि आरोपीगण मुरलीधर वार्ड गोटेगांव में उसके पड़ौस में रहते हैं। आरोपी बिरजूबाई व उसका लड़का राहुल आपस में लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं दिनांक 03 जुलाई 2020 को रात्रि करीब 9.30 बजे आरोपी बिरजूबाई अपने लड़के आरोपी राहुल से वादविवाद कर रही थी और बिरजूबाई पवन के घर आकर उसकी मां मधुबाई को अश्लील गालियां देने लगी जब पवन बीच बचाव करने गया तो आरोपी राहुल डण्डा लेकर आया और उसके सिर में डण्डे से मार दिया, जिससे उसे खून निकलने लगाए फिर उसकी जांघ में डण्डा मारा। वह थाने रिपोर्ट करने गया था और उसने रिपोर्ट की और थाने से बाहर इलाज के लिये जा रहा था तो उसके चाचा बसंत ने आकर बताया कि उसकी मां मधुबाई को मिट्टी का तेल डालकर जान से खत्म करने की नियत से माचिस से आग लगा दी और उसे इलाज के लिये गोटेगांव अस्पताल भेजा है। गोटेगांव अस्पाताल से मधुबाई को जबलपुर रेफर कर दिया था। आरोपीगण ने मधुबाई को जान से मारने की नियत से एक राय होकर उसके शरीर में मिट्टी का तेल डालकर माचिस से आग लगाई थी।

सूचनाकर्ता की इस रिपोर्ट के आधार पर आरोपीगण के विरुद्ध प्रकरण की कायमी भादवि की धारा 294, 323, 307/34 के अंतर्गत थाना गोटेगांव में अपराध क्रमांक 315/2020 के तहत पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र मधुबाई की मृत्यु हो जाने से इन धाराओं के अतिरिक्त भादवि की धारा 302 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया। इस मामले में अधिकांश साक्षी पक्षविरोधी हो गये थे किंतु अभियोजन द्वारा मृतिका के मृत्यु कालिक कथन को प्रमाणित किया गया है। जिस पर विश्वास करते हुये विद्वान न्यायाधीश ने पारित निर्णय के द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी डीपीओ रामकुमार पटेल द्वारा की गई थी।

### कन्या शाला में चोरी, गैस सिलेण्डर, बर्तन व पुस्तकें ले गये चोर

गाडरवारा/नरसिंहपुर। गत दिवस स्थानीय नपा परिषद के पीछे स्थित शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। संस्था के प्रधानपाठक रजनीश गुप्ता ने गाडरवारा पुलिस थाने में दिए गए आवेदन में उल्लेखित किया है कि संस्था के भोजन निर्माण कक्ष जिसमे बजरंग बचत समूह हनुमान वार्ड के द्वारा छात्राओं के लिए मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है जिसमें अज्ञात तत्वों द्वारा चोरी की गई है। श्री गुप्ता के मुताबिक चोर 1 गैस सिलेंडर, 2 कुकर, खाद्य सामग्री सहित बर्तन थाली, गिलास, गंजी, कड़ाई एवं 2000 पुस्तकें, शालेय सामग्री पुरानी दरी, टेबिल व कुर्सी आदि चुरा ले गये।

# सूखा पड़ा है नगर का तालाब

**पाटन, यशभारत।** बढ़ती गर्मी का असर जलस्त्रोत एवं जलाशयों में देखने को मिल रहा है। जलस्तर में गिरावट आ रही है। नगर का एक मात्र तालाब इन सूखा पड़ा है। यही हाल नलकूप का है। उनका जलस्तर कई फ़ीट नीचे चला गया है। आगे तापमान और बढ़ेगा तो जल संकट गहराने की आशंका है। ऐसे में जिन क्षेत्रों नल जल योजना के तहत पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, वहां के रहवासियों को इस संकट का सामना करना पड़ सकता है। कुछ वार्ड के अधिकतर लोग पूर्ण रूप से नलकूपों पर निर्भर हैं। यहां के रहवासी जल संकट की आशंका को लेकर चिंतित हैं।



# नपा उपाध्यक्ष ने बस यात्रियों को प्रसाधन गृह की सुविधा कराई उपलब्ध



**गाडरवारा(यशभारत)** निर्माणाधीन नए बस स्टेंड में महिलाओ छात्राओं व बस यात्रियों को लंबे अरसे से प्रसाधन गृह न होने के चलते असुविधा का दंश भुगतना पड़ रहा था मामला संज्ञान में आते ही तत्परता से नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा से नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय ने चर्चा कर चलित प्रसाधन गृह नए बस स्टैंड परिसर में उपलब्ध कराया जिससे यात्रियों की बड़ी समस्या हल हो गयी है राय ने कहा स्वच्छता को लेकर हम सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारियों का कर्मठता से निर्वहन कर रहे और आगे भी करते रहे परन्तु उसके लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना भी हम जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है उसी जिम्मेदारी के तहत हमे जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तब हमने उक्त विषय पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में समस्या का निदान प्राथमिकता से किया एवं आप सभी से अपील करते है स्वच्छता के प्रति सदा सजग रहे और आगे भी कही सुविधाओं का अभाव नजर आए तो हमे अवश्य सूचित करें नगरपालिका परिषद सदैव तत्पर है कार्य करने के लिए उक्त अवसर पर पार्षद कमल खटीक पप्पू यादव लोकू सिंधी शुभम भोजवानी गोलू खान उपस्थित रहे।

# सरपंच ग्राम पंचायत चामचौन पर धारा 40 के अंतर्गत होगी कार्रवाई

**नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामवासियों द्वारा रेत अधिक मूल्य पर प्राप्त होने की शिकायत की गई थी, जिसमें यह पाया गया कि सरपंच ग्राम पंचायत चामचौन श्रीमती राजकुमारी पटेल द्वारा ठेकेदार से पंचायत कार्य हेतु निर्धारित मूल्य पर रेत लेने के बाद ग्रामवासियों को व अन्यत्र व्यक्तियों को अधिक मूल्य पर रेत विक्रय की गई है, जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सांईखेड़ा से निर्धारित मूल्य पर रेत खरीदी के लिए अनुमति प्राप्त की गई है।**

सरपंच द्वारा उक्त खरीदी गई रेत का उपयोग व्यावसायिक रूप से अनुचित वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है, जिसके उपरांत उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है। उनके द्वारा कारण बताओ नोटिस का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन पेश कर अवगत कराया गया कि ग्राम चामचौन में अधिकांश हितग्राहियों को 3200 रुपये प्रति ट्राली एवं ग्राम गूजरझिरिया में 3500 से 6 हजार रुपये प्रति ट्राली की दर से रेत का प्राप्त होना बताया गया।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा, पशु चिकित्सालय गाडरवारा ने बताया गया कि जनपद सांईखेड़ा के अंतर्गत संचालित एमजीएसवाय गौशाला का संचालन प्रारंभ करने के उपरांत लगातार अनियमितता चल रही है। उक्त गौशाला का संचालन शिवा स्वसहायता समूह चामचौन द्वारा किया जाता है। माह जून 2021 से गौवंश संख्या निरंक लगातार रही है। इसके उपरांत माह दिसम्बर 2022 को समूह द्वारा पुनः 21 गौवंश पशुओं के साथ गौशाला संचालन प्रारंभ किया गया है। माह दिसम्बर 2021 को नगर पालिका गाडरवारा के माध्यम से सौंपे गये गौवंश भी गौशाला से दूसरे दिन ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोड़ा जाना संचालन समिति द्वारा बताया गया थाए जिसके उपरांत 13 गौवंश पशु सत्यापित पाये गये। पत्र के माध्यम से गौशाला संचालन अन्य समूह को दिये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त गौशाला का संचालन सरपंच ग्राम पंचायत चामचौन द्वारा किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत के विकास के कार्यो जैसे गौशाला संचालन, पंचायत की नियमित रूप से मासिक बैठकों का आयोजन, ग्राम गूजरझिरिया में शांतिधाम निर्माण एवं तालाब पहुंचक मार्ग निर्माण नहीं कराया जाना, हितग्राहीमूलक योजनाओं में कोई रूचि न लेना, आवास योजना के कार्यो में अनियमितता, पंचायत अंतर्गत नाडेप, शोक पिट एवं नाली निर्माण कार्य न होना, ई- स्वराज पोर्टल से 15 वें वित्त की राशि आहरित करने में अनियमितता के कारण पूर्व में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत चामचौन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत चामचौन के सरपंच श्रीमती राजकुमारी पटेल द्वारा लापरवाही बरतने पर मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

# कठौतिया में किया गया स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर यभाप्र। मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिला के आयुष ग्राम कटौतियां में पुषय नक्षत्र पर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया, जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरन्ना सिंह चौहान ने बताया की हर माह के पुषय नक्षत्र को गाँव के बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाया जाता है ताकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता बड़े साथ ही सर्वांगीण विकास हो, साथ ही ग्रीष्म ऋतु के कारण बच्चों को आम पानक पिलाया गया, बच्चों ने योग भी सीखा, साथ ही आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें



परिजन का भी स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से स्वस्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया एवं निःशुल्क ओषधि वितरित की गई शिविर में डॉ दिलीप साहू नोडल अधिकारी, डॉ नमिता सोनी सहित आयुष कर्मचारियों ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। शिविर में मौसमी रोगों से बचाव, अहार विहार, योग प्राणायाम एवं संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। शिविर में ओषधिय पौधों का वितरण कर उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में 240 रोगियों का उपचार किया गया।

# WTC FINAL से पहले ICC ने दिया टीम इंडिया को झटका!

## गेंद से हो गया खेल, 2 साल पहले भी हुआ था ऐसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी में लगी हुई है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 7 जून से इंग्लैंड में फाइनल खेला जाना है. कप्तान रोहित शर्मा 2013 के बाद भारतीय टीम को पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाना चाहेंगे. इस बीच फाइनल में प्रयोग होने वाली बॉल को लेकर बड़ी खबर आ रही है. भारत में टेस्ट के मुकाबले एसजी बॉल से खेले जाते हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया में कुकाबुरा का प्रयोग होता. लेकिन फाइनल ड्यूक बॉल से होगा. क्रिकेट की वर्ल्ड संस्था आईसीसी ने इसका कारण भी बताया है. मालूम हो कि फाइनल के लिए दोनों ही टीमें घोषित हो चुकी हैं। एक खबर के अनुसार, फाइनल मुकाबला इंग्लैंड में होना है. ऐसे में होस्ट देश के मुताबिक बॉल का इस्तेमाल मैच में किया जाएगा. इंग्लैंड में टेस्ट के मैच ड्यूक बॉल से खेले जाते हैं. आईसीसी के सूत्र ने बताया कि आईसीसी मेजबान देश की पसंद की गेंद का उपयोग मैच में करता है. इसलिए WTC फाइनल में ड्यूक बॉल का ही प्रयोग किया जाएगा. इससे पहले 2021 में भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पहले सीजन का फाइनल इंग्लैंड में खेला गया था और तब भी ड्यूक बॉल का ही इस्तेमाल किया गया था.

### भारतीय खिलाड़ी कर रहे हैं तैयारी

पिछले दिनों भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ड्यूक बॉल से तैयारी को लेकर बड़ी बात कही थी. उन्होंने बताया कि हम सभी तेज गेंदबाजों को ड्यूक बॉल भेज रहे हैं, ताकि वे इससे भी प्रैक्टिस कर सकें. उन्होंने कहा था कि 21 मई तक आईपीएल 2023 की प्लेऑफ की 4 टीमें तय हो जाएंगी. ऐसे में जो खिलाड़ी फ्री हो जाएंगे, उन्हें पहले इंग्लैंड भेजा जाएगा, जिससे वे वहां के हिसाब से खुद को तैयार कर सकें. टेस्ट के लिए चुनी गई टीम की बात करें, तो चेतेश्वर पुजारा अभी इंग्लैंड में ही हैं और काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

### फाइनल के लिए दोनों टीमें इस तरह हैं

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, केस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जयदेव उनादकट, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव.

**ऑस्ट्रेलिया-** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), स्कॉट बोलैंड, मार्नस लैबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, टॉड मर्फी, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्क हैरिस, जोस हेजलुवड, ट्रेविस हेड, जोस इंग्लिश, उस्माान ख्वाजा, डेविड वॉर्नर, मैथ्यू रेनशॉ, मिचेल स्टार्क।

# कोहली को RCB की हार पर आया गुस्सा

## टीम को लगाई फटकार, बोले- हम हारने के लायक थे...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टैंड-इन कप्तान विराट कोहली ने स्वीकार किया कि उनकी टीम 'हारने का हकदार' थी. कोलकातान नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली 21 रन की हार के बाद विराट ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने मैदान पर काफी गलतियां कीं और विरोधी टीम को जीत तोहफे में दे दी. यह आईपीएल में आरसीबी पर केकेआर की लगातार पांचवीं जीत थी. विराट कोहली ने पांचवां अर्धशतक जड़ा. इस सीजन में यह उनकी पांचवीं फिफ्टी है, लेकिन स्टैंड-इन कप्तान को बाकी बल्लेबाजी लाइनअप से समर्थन नहीं मिला. वह अंत तक लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाए. 34 वर्षीय स्टार बैटर हार के बाद अपनी टीम के निराशाजनक प्रदर्शन से खुश नहीं थे. उन्होंने स्वीकार किया कि आउटफील्ड में कुछ महत्वपूर्ण कैच छोड़ने के बाद और केकेआर को 20 ओवरों में 200/5 का स्कोर बनाने देना उनकी गलती थी और इसीलिए वे इस हार के हकदार थे. आरसीबी के फील्डरों ने कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा को दो जीवनदान दिए जबकि रॉय का भी कैच टपकाया। कोहली ने मैच के बाद कहा, ञ्ईमानदारी से कहूं तो हमने उन्हें मैच तोहफे में दे दिया. हम हारने के हकदार थे. हम पर्याप्त पेशेवर खेल नहीं दिखा सके. हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन फील्डिंग स्तर के अनुरूप नहीं थी. हमने उन्हें मुफ्त का तोहफा दे दिया.ञ्ज कोहली ने महिपाल लोमरोर के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की, लेकिन लोमरोर 34 रन जोड़ने के बाद आउट हो गए. इसके बाद आरसीबी साझेदारी के लिए परेशान दिखी. विराट ने कहा कि वे खेल जीतने से केवल एक साझेदारी दूर थे और वह विशेष रूप से इस बात से नाखुश थे कि उनके बल्लेबाज ऐसे कैसे आउट हो गए.

### KKR के स्टार स्पिनर की 'मिस्ट्री' लव स्टोरी, पहले रचाई भारतीय मूल की लड़की से शादी, फिर अचानक

कोहली ने कहा, मैदान में हमने दो मौके गंवाए, जिससे हमें 25 से 30 रन का नुकसान हुआ. बल्लेबाजी में हम अच्छी स्थिति में थे, लेकिन फिर हमने आसानी से चार-पांच विकेट गंवा दिए. वे विकेट लेने वाली गेंदें नहीं थी, लेकिन हमने सीधे फील्डरों के हाथ में शॉट मारे. लक्ष्य का पीछा करते हुए भी विकेट गंवाने के बाद एक साझेदारी ने हमें मैच में वापसी दिलाई. हम एक और अच्छी साझेदारी नहीं कर पाए. बता दें कि कोलकाता नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम विराट कोहली के अर्धशतक (54) के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी. उनके अलावा सिर्फ महिपाल लोमरोर (34) और दिनेश कार्तिक (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

# खिलाड़ियों के कमरे में 10 बजे बाद नो एंट्री

## कॉन्ट्रैक्ट तक रद्द हो सकता है, क्यों DC ने उठाया कड़ा कदम?



**नई दिल्ली,ईएमएस।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइजी सख्त हो गई है और प्लेयर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया है. इसके तहत रात 10 बजे के बाद खिलाड़ियों के कमरे में कोई परिचित भी नहीं आ सकेगा. ऐसा दिल्ली कैपिटल्स ने हाल ही में टीम की तरफ से दी गई पार्टी में एक खिलाड़ी द्वारा महिला से की गई बदसलूकी के बाद लिया गया है.। दिल्ली कैपिटल्स की छवि खराब न हो, इसके लिए लागू किए गए कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, अब खिलाड़ी अब अपने परिचितों को रात 10 बजे के बाद अपने कमरे में नहीं ला सकते हैं और अगर वो अपने मेहमानों के साथ बात करना चाहते हैं या समय बिताना चाहते हैं तो उन्हें टीम होटल के रेस्टोरेंट या कॉफी शॉप में ऐसा करना होगा.

### कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया

इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, खिलाडी अगर होटल से बाहर किसी से मिलने जा रहे हैं तो उन्हें इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी को देनी होगी. खिलाड़ियों को ये एडवाइजरी बीते सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली जीत के बाद दी गई थी. अगर किसी खिलाड़ी ने इस कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया तो जुर्माने के साथ ही उसका कॉन्ट्रैक्ट तक खत्म किया जा सकता है.

### मिलने आने वाले का फोटो आईडी देना होगा

दिल्ली कैपिटल्स ने हालांकि पत्नियों और गर्लफ्रेंड को टीम के साथ ट्रैवल करने की इजाजत दे दी है. हालांकि, इसका खर्चा खिलाड़ियों को उठाना होगा. उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के टीम से जुड़ने से पहले इसकी जानकारी देनी होगी. अगर कोई खिलाड़ी किसी को अपने कमरे में ले जाना चाहता है, तो उसे पहले से ही आईपीएल टीम इंटिग्रिटी ऑफिसर को इसकी जानकारी देनी होगी और टीम मैनेजमेंट को संबंधित शख्स का एक फोटो पहचान पत्र पहले देना होगा।

# दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले हैदराबाद को लगा बड़ा झटका, स्टार ऑलराउंडर IPL से बाहर

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आईपीएल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को एक बड़ा झटका लगा है. स्टार ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के चलते पूरे आईपीएल सीजन से ही बाहर हो गए हैं. हैमस्ट्रिंग इंजरी का शिकार होने के बाद मजबूरी में हैदराबाद की टीम को उन्हें रिलीज करना पड़ा है. हैदराबाद की हालत पहले ही इस सीजन टूर्नामेंट के दौरान बेहद खराब है. वो सात मैच खेलकर केवल दो ही जीत दर्ज कर पाए हैं. ऐसे में सुंदर का चोटिल होने से टीम पर दोहरी मार पड़ी है. प्वाइंट्स टेबल पर नजर डालें तो हैदराबाद की टीम केवल दिल्ली से ही ऊपर है. हैदराबाद को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए बाकी बचे सात में से कम से कम पांच मैच जीतने जरूरी हैं. इस टीम को अपना अगला मैच 29 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है. वाशिंगटन सुंदर ने इस आईपीएल सीजन में सात मैचों की पांच पारियों में बल्ले से 57 रनों का योगदान दिया है. वो इस दौरान तीन विकेट लेने में भी कामयाब रहे हैं. सुंदर एक बॉलिंग ऑलराउंडर हैं. वो ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं. बैटिंग के दौरान सुंदर नंबर-7 पर खेलने के लिए उतरते हैं.आईपीएल ऑक्शन के दौरान वाशिंगटन सुंदर की काफी डिमांड थी. यही वजह है कि वो 8.75 करोड़ की भारी-भरकम रकम में बिके थे. लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस में भी उन्हें खरीदने की होड़ लग गई थी. अंत में हैदराबाद ने बाजी मारी।

# वर्ल्ड कप से बाहर नहीं हुआ यह स्टार खिलाड़ी! सामने आया बड़ा अपडेट



**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारत में इस साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होना है। उससे पहले टीमों के लिए इंजरी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी ऋषभ पंत को लेकर जहां बुधवार को एक अपडेट आया था कि वह वर्ल्ड कप से बाहर रहेंगे। वहीं जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों पर सस्पेंस बरकरार है। न्यूजीलैंड की टीम भी अपने कप्तान केन विलियमसन की इंजरी से चिंतित है जिन्होंने 2019 में टीम को रनर अप बनाया था। हाल ही में आईपीएल 2023 के पहले मैच में ही केन विलियमसन बाउंड्री रोकने के प्रयास में अपना घुटना चोटिल कर बैठे थे। उसके बाद उनकी भी वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होने की खबरें सामने आई थीं। अब इस स्टार खिलाड़ी को लेकर उनकी टीम के कोच की तरफ से एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इसके मुताबिक कीवी कोच गैरी स्टीड ने बताया है कि, विलियमन की सर्जरी हो चुकी है और वो सफल भी रही है। उनका मानना है कि वह 32 वर्षीय कीवी खिलाड़ी की वापसी के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं। उनका मानना है कि, अभी वर्ल्ड कप दूर है और अभी तक के अपडेट के अनुसार उनका जो ऑपरेशन हुआ है वो सफल भी रहा है। यानी अभी वह अपने रिहैब प्रोग्राम की प्राइमरी स्टेज से थोड़ा दूर हैं। अभी उनकी फिटनेस पर कुछ स्पष्ट नहीं है। अभी यह भी नहीं कहा जा सकता कि वह वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं लेकिन हम उनके जैसे स्टार खिलाड़ी को इतनी जल्दी रूल्ड आउट यानी टूर्नामेंट से बाहर नहीं मान सकते। अभ यह कहना जल्दबाजी होगा।

### नए रोल में टीम के साथ जुड़ सकते हैं विलियमसन

कोच गैरी स्टीड ने आगे जो बताया वो इस मामले में एकदम ही नया एंगल था। कोच का मानना है कि वह केन विलियमसन जैसे स्टार खिलाड़ी की योग्यता को व्यर्थ नहीं जाने दे सकते। उनका कहना है कि अगर विलियमसन खेलने के लिए नहीं भी फिट होते हैं तो भी वह उन्हें भारत ले जाएंगे। स्टीड का कहना है कि वह 2019 में टीम को फाइनल तक पहुंचाने वाले कप्तान विलियमसन को मेंटोर रोल के लिए टीम के साथ ले जाएंगे। अगर उनकी इंजरी नहीं सही होती है तो वह इस नए रोल में टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए कुछ ना कुछ सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

## रंग संसार

# एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह अच्छे -रोहिणी हट्टंगडी



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस रोहिणी हट्टंगडी ने कहा कि एक एक्टर के तौर पर रणवीर सिंह अच्छे हैं, लेकिन वह रणबीर कपूर को ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से रणवीर हरकतें करते हैं वह युवा पीढ़ी के लिए ठीक है, लेकिन उनकी उम्र की पीढ़ी के लिए नहीं। उनके मुताबिक, एक पब्लिक फिगर के तौर पर इंसान को उसी के मुताबिक बर्ताव करना चाहिए।रोहिणी हट्टंगडी ने उस दौर को भी याद किया जब उन्हें फिल्मों में सिर्फ मां के रोल ही ऑफर किए जाते थे। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि 'अग्निपथ' से पहले उन्होंने तय कर लिया था कि वह मां का रोल नहीं करेंगी। उन्होंने 3-4 फिल्मों को मना कर दिया था। लेकिन उनकी मैनेजर उन्हें हर उस ऑफर को ना कहना बंद करने के लिए कहती थी जो उन्हें मिल रहे थे।रोहिणी हट्टंगडी ने इस पर अपनी मैनेजर को कहा था कि वह नेगेटिव रोल निभाने के लिए तैयार हैं लेकिन मां के रोल नहीं निभाएंगी। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि वह 'अग्निपथ'करने के लिए क्यों तैयार हुई हैं। उन्होंने कहा कि जब 'अग्निपथ' का ऑफर आया, तो उन्होंने कहा कि वह पहले कहानी सुनेंगी और फिर फोन करेंगी। रोहिणी हट्टंगडी ने कहा कि उन्होंने आधी ही कहानी सुनी थी, तभी फिल्म करने को तैयार हो गईं। फिल्म में मां का रोल करने के लिए राजी होने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि अमिताभ की फिल्म में हीरोइन, विलेन और हीरो प्रमुखता से नजर आते हैं।






# पिंक ड्रेस में अनन्या पांडे ने दिखाया बार्बी का जलवा



**मुंबई एजेंसी।** अभिनेता अनन्या पांडे एक पूर्ण फैशनिस्टा हैं।वह अपने आश्चर्यजनक हॉट लुक से दर्शकों को प्रभावित करने में कभी असफल नहीं होती हैं। बुधवार को, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ले लिया और अपने नवीनतम फोटोशूट से चित्रों की एक नई स्ट्रिंग साझा की, जिसे उन्होंने कैप्शन दिया, यह बार्बी है ज, एक लाल दिल इमोटिकॉन के बाद।तस्वीरों में लाइगर अभिनेता को गुलाबी वन-शोल्डर ड्रेस में पोज देते हुए देखा जा सकता है।

उन्होंने अपना मेकअप हैवी रखा और बालों को जूड़ा बना लिया। अनन्या ने अपने लुक को लॉन्ग ईयरिंग्स से एक्सेसराइज किया। तस्वीरें साझा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग को लाल दिल और आग इमोटिकॉन्स से भर दिया। एक यूजर ने लिखा, हमेशा की तरह खूबसूरत। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, यह बार्बी एक आइकॉन है। एक यूजर ने कमेंट किया, प्रीटिएस्ट बार्बी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या अगली बार निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने की अनटाइटल्ड साइबर क्राइम-थ्रिलर फिल्म में दिखाई देंगी। परियोजना के बारे में उत्साहित, अनन्या ने पहले कहा था, जब विक्रमादित्य मोटवाने ने इस कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मुझे पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। एक फिल्म निर्माता के रूप में, जब तक मुझे याद है, वह मेरी इच्छा सूची में थे और मैं अपने करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करके वास्तव में भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। उनके पास फरहान अख्तर की खो गए हम कहा में अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव और आयुष्मान खुराना के साथ एक कॉमेडी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 भी है। ड्रीम गर्ल 2 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। वह अमेज़न प्राइम वीडियो के कॉल मी बे के साथ अपनी वेब सीरीज़ की शुरुआत भी करेंगी।

# तेरे इश्क में घायल का कॉन्सेप्ट अलग-नवीना बोले



**मुंबई (ईएमएस)।** तेरे इश्क में घायल का कॉन्सेप्ट अलग और पर्दे पर लाना चुनौतीपूर्ण है। यह कहना है एक्ट्रेस नवीना बोले का। एक्ट्रेस ने कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में उससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा, यह प्यार कुछ ऐसा है जो शायद आपको चोट पहुंचाएगा। ऐसा कुछ करने का प्रयास करना निमार्ताओं के लिए सराहनीय है। शूट करना और अमल करना एक मुश्किल काम है। जिस तरह से वे शॉट लेते हैं वह भारतीय टीवी के काम करने के तरीके से अलग है। शो में नवीना एक बेपरवाह महिला का किरदार निभा रही हैं जो एक जगह नहीं रहती है। वह जिप्सी की तरह है जो नई जगहों पर जाती रहती है। अब वह बहुत लंबे समय के बाद अपने बच्चों के पास घर लौटी है और उन्हें नहीं पता कि वे उस पर कैसी प्रतिक्रिया दें। उनका बेटा उसे नौकरी दिलाने की कोशिश कर रहा है और वह मूल रूप से एक स्वतंत्र है। मेरा किरदार वैम्पायर डायरीज में केली डोनवन की कहानी से प्रेरित था। इसलिए मैंने शो के लिए तैयारी करते समय यूट्यूब पर उनके कुछ सीन देखे। उन्होंने कहा, वह अपने किरदार से ज्यादा रिलेट नहीं करती हैं और इससे रोल निभाने प्ले में बहुत मजा आता है। वास्तविक जीवन में, मैं बहुत ज़िम्मेदार और परिवार से बंधा हुई हूं और मुझे अपने परिवार और उन लोगों की परवाह है जिन्हें मैं प्यार करती हूं। मैं उतना बेफिक्र और बिंदास नहीं हूं, इसलिए मैं जो हूं उससे बहुत अलग किरदार निभा रही हूं, जो मजेदार है। यह पूछे जाने पर कि कौन सी भूमिका उनके दिल के सबसे करीब है, उन्होंने जवाब दिया-ऐसी और भी भूमिकाएं हैं जिन्हें पसंद किया गया, लेकिन मुझे लगता है कि जीनी और जू में प्रिया खास थी। मैं अपने किरदार से संबंधित थी। वह अपने जीवन के प्यार को लेकर रक्षात्मक थी। बता दें कि नवीना को मिले जब हम तुम में दीया, जीनी और जूजू में प्रिया और इश्कबाज में टिया का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है।

# करण और तेजस्वी प्रकाश एक साल से कर रहें डेट



**मुंबई (ईएमएस)।** एक्टर करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक दूसरे को एक साल से डेट कर रहें हैं। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टेलीविजन इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। कपल को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश कई कपलस के लिए कपल गोल सेट कर चुकें हैं। फैंस चाहते हैं कि कपल जल्द से जल्द शादी के बंधन में बंध जाए। कपल को लेकर अक्सर अच्छी खबरें सोशल मीडिया पर सामने आती हैं। हाल ही में तेजस्वी प्रकाश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस अपनी लव लाइफ के बारे में बात करते हुए रोते हुए नजर आ रहीं हैं। इस क्लिप में देखा जा सकता है कि तेजस्वी और करण एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहें हैं। वीडियो में तेजस्वी कहती हैं, मैं अभी अच्छा समय बिता रही हूं। इतना कहते ही वह भावुक हो जाती हैं, उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। उन्हें बेहतर फील कराने के लिए करण उनके माथे को चूमते हैं। इसके आगे तेजस्वी कहती हैं, मैं सिर्फ फैंस के साथ शेयर करना चाहती हूं कि मैं आपके साथ कितनी खुश हूं। मैं वास्तव में खुश हूं। इस बीच करण, तेजस्वी को दिलासा देते हुए उन्हें माथे पर किस करते हैं।तेजस्वी के बगल में बैठे करण अपनी मस्ती में मगन हैं। दूसरी ओर तेजस्वी, करण के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए वीडियो रिकॉर्ड करती देखी जा सकतीं हैं।

# ट्रैफिक का कबाड़ा: फ्लाईओवर निर्माणाधीन हिस्सों के नीचे जमे कब्जे

## रानीताल, दशमेश द्वार और मदन महल चौक पर रोटरी के नीचे ठेले वाले रोक रहे रास्ता, निकलना मुश्किल

**जबलपुर, यशभारत। एक हजार करोड़ से अधिक की राशि से बन रहा दमोहनाका मदन महल फ्लाईओवर आने वाले समय में जनता को सहूलियत देगा इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है पर अभी इसके निर्माणाधीन हिस्सों के आसपास से गुजरना किसी मुसीबत से कम नहीं है। खासकर शाम के वक्त जब ट्रैफिक ज्यादा होता है उन हालातों में कंस्ट्रक्शन साइट पर चौराहों में खासी परेशानियों का सामना जनता कर रही है। जनता को फ्लाईओवर निर्माण और इसकी प्रोसेस से दिक्कत नहीं है, असल परेशानी यह है कि जहाँ पर काम चल रहा है वहीं सड़कों को घेरकर ठेले सजा लिये गये हैं।**



रानीताल चौराहे पर चाट और अंडे के ठेले लगे हैं। इसी तरह मदन महल चौक पर गोल रोटरी के नीचे ठेलों का कब्जा है। इसी तरह दशमेश द्वार में संकरी सड़क बचती है उसको भी नहीं छोड़ा है। निर्माणाधीन हर हिस्से में लगभग हालात एकदम अराजक और कोई निगरानी नहीं है ऐसे नजर आते हैं। कब्जों की वजह से ट्रैफिक जाम में फँसने वाली जनता सवाल उठाती है कि आखिर ऐसे कब्जों को सख्ती के साथ अलग क्यों नहीं किया जाता है।

### कब्जों से इन हिस्सों में शाम के वक्त जाम

रानीताल चौक पर गढ़ा की ओर यहाँ ठेले सड़क का बड़ा हिस्सा घेरे हैं। इसी तरह मदन महल चौक पर रोटरी के नीचे निर्माणाधीन हिस्से के नीचे ही कब्जे कर लिये नगर निगम-ट्रैफिक पुलिस की अनदेखी। गढ़ा-रानीताल मार्ग पर टेलीग्राफ फैक्ट्री के नजदीक। इसी तरह दशमेश द्वार, गेट नंबर चार के आसपास, गेट नंबर दो से आगे गेट नंबर चार की ओर।

### लिंक रोड पर जहाँ रैप उतर रहा वहाँ भी टपरे जमा

लोक निर्माण विभाग का कहना है कि जिस हिस्से में मशीनों को मोड़ने, सप्लाई सहित कई तरह की परेशानियाँ फ्लाई ओवर का निर्माण हो रहा है उस हिस्से में कब्जे और ठेलों, अस्थाई कब्जों की वजह से होती है। इसको लेकर किसी तरह के अतिक्रमण न हो इसके लिए नगर निगम विशेष बात यह है कि ट्रैफिक पुलिस जो चौराहों पर से लगातार पत्र व्यवहार किया जाता है। इसको लेकर यातायात को पटरी पर ला सकती है वह कहीं नजर ही बैठकों में उल्लेख होता है पर उसके बाद भी स्थाई कब्जों नहीं आती है। लोगों का कहना है कि पीक ऑवर्स में तक के अलावा कई बारी अस्थाई कब्जों से परेशानी होती है। ट्रैफिक पुलिस को कहीं देखा नहीं जा सकता है।

# माता-पिता की डांट से खफा होकर नागपुर से जबलपुर आई छात्रा

### आरपीएफ ने पकड़कर समझाईश के बाद परिजनों को किया सुपुर्द

**जबलपुर यशभारत।** माता-पिता की डांट से नाराज होकर नागपुर से ट्रेन में बैठकर जबलपुर आई 21 वर्षीय बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा को जबलपुर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने सकुशल हिरासत में लिया और फिर परिजनों को सूचना देकर नागपुर पुलिस के साथ जबलपुर बुलवाया गया। गुरूवार शाम को नागपुर पुलिस के साथ परिजन आरपीएफ जबलपुर आए जहां आरपीएफ की टीम ने समझाईश के बाद छात्रा को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया। जबलपुर आरपीएफ टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि नागपुर निवासी 21 वर्षीय पायल बीकॉम सेकंड ईयर की छात्रा है जिसे उसके माता-पिता ने किसी बात पर डांटा था। इससे नाराज होकर वह नागपुर से ट्रेन में बैठकर जबलपुर आ गई। उधर नागपुर में परिजनों के द्वारा बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फिर पुलिस ने मोबाइल ट्रेस किया तो छात्रा की लोकेशन जबलपुर स्टेशन दिखी। इसके बाद नागपुर पुलिस ने आरपीएफ को सूचना देकर उक्त छात्रा को पकड़ने कहा। इस तरह से आरपीएफ की सजगता से छात्रा किसी दरिंदे के हाथ लगने से पहले बच गई।

# तलवार चमका रहा बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया पुलिस ने बीती रात पिपरिया खमरिया में हाथ में तलवार लेकर क्षेत्रीय लोगों को डरा रहे बदमाश विकास उर्फ विक्कू कुशवाहा निवासी सोनपुर मोड़ काछी मोहल्ला पिपरिया को पुलिस ने तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस को आता देख विकास ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने पीछा करते हुए पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि बदमाश कई दिनों से लोगों को परेशान कर रहा था।










## मझौली के ग्राम सुहजनी में दिनदहाड़े चले हथियार

# तालाब की मेड़ में ट्रैक्टर खड़ा करने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली थानांतर्गत ग्राम सुहजनी में तालाब की मेड़ में ट्रैक्टर खड़ा करने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्ष के युवकों को चोटें आईं हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए काउंटर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



मझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम सुहजनी निवासी दिनेश साहू खेती किसानी करता है। दिनेश ने मालगुजार के तालाब की मेड़ के पास ट्रैक्टर खड़ा करके घर जा रहा था कि तभी वहां आनंद ठाकुर वहां आया और उसका ट्रैक्टर चालू करके दूसरी जगह रखने लगा। जब दिनेश ने विरोध किया तो आनंद ठाकुर ने उसके साथ मारपीट करते हुए लोहे के धारदार हथियार से दिनेश के सिर पर हमला कर दिया। मारपीट होता देख आनंद के साथ सतेंद्र, नारायण राजपूत वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। जब दिनेश के भाई अभिषेक ने बीचबचाव किया तो उस पर भी हमला किया गया। वहीं आनंद सिंह राजपूत निवासी ग्राम सुहजनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह तालाब के पास था। उसी समय अभिषेक साहू, दिनेश साहू ट्रैक्टर में आए और उसके तालाब की मेड़ में खड़ा कर दिए। जब उसे मना किया तो अभिषेक साहू, दिनेश साहू लाठी, हॉकी से उस पर हमला कर दिया जिससे उसके दोनों पैर की पिंडली में चोटें आईं हैं। हमला के बाद दोनों आनंद को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।
















# परिजन सोते रहे और घर में युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**जबलपुर, यशभारत।** भूकंप कॉलोनी संजीवनी नगर में रहने वाले 26 वर्षीय युवक ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन भी युवक के द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से हैरान हैं। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताय कि भूकंप कॉलेनी निवासी 26 वर्षीय यमन मेहरा ने घर पर फांसी लगाकर उस वक्त आत्महत्या की जब घर के सदस्य सो रहे थे। सुबह जब परिजन सोकर उठे तो उन्होनें यमन को फांसी के फंदे पर झूलते देखा।

### गोसलपुर में भी झूला फांसी के फंदे पर

गोसलपुर थानांतर्गत बुढ़ागर में 42 वर्षीय सुरेंद्र साहू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)